Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

आर्य जनता का प्रतिनिधि प्रकाशन

वयं जयेम

हमारी विजय सत्य, लोकतंत्र और मानवीय आदर्शों की विजय है। इस महान् लक्ष्य-पूर्ति के लिए मैं सारे देश को और अपने वीर सैनिकोंको बधायी देती हूं।

—इन्दिरा गांधी

जनवरी १९७२

माघ संवत् २०२८

मूल्य १)

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

स्टेशन पर [illegible] का स्टाल (विवरण पृष्ठ १६ पर)

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

हमारा संकल्प !



आज देश का बच्चा बच्चा,
पुलकित है मन प्राण से।
हर्ष तेज चहुं दिशि है छाया,
जगत् गूंजता गान से।

माता के मस्तक पर शोभित,
चन्दन टीका शान से।
देश हमारा ज्योतित है प्रिय,
ज्योतिर्मय वरदान से।

पाप-पुण्य के धर्म युद्ध में,
हमने पाप मिटाया है।
लहर-लहर कर अमर तिरंगा,
दूर-दूर फहराया है।

हम जीते हैं, हम जीतेंगे,
सत्य हमारे साथ है।
कौन झुका पाया है हमको,
धर्म हमारे साथ है।

एक हृदय हैं
भारत वासी,
एक हमारा
लक्ष्य महान्।

शीश कटाकर
भी रक्खेंगे,
सदा देश की
ऊँची शान।

—राकेश

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

वैदिक-राष्ट्रीय-प्रार्थना !

ओ३म् आ ब्रह्मन् ब्राह्मणो ब्रह्मवर्चसी जायताम् आ राष्ट्रे राजन्यः शूर इषव्योऽतिव्याधी महारथो जायताम् दोग्ध्री धेनुर्वोढाऽनड्वानाशुः सप्तिः पुरन्धिर्योषा जिष्णू रथेष्ठाः। सभेयो युवास्य यजमानस्य वीरो जायताम्। निकामे निकामे नः पर्जन्यो वर्षतु फलवत्यो न ओषधयः पच्यन्ताम् योगक्षेमो नः कल्पताम् ॥ यजु० २२ ॥ २१ ॥

●

ब्रह्मन् ! स्वराष्ट्र में हों, द्विज ब्रह्म तेजधारी।
क्षत्रिय महारथी हों, अरिदल विनाशकारी ॥
होवें दुधारू गौवें, पशु अश्व आशुवाही।
आधार राष्ट्र की हों, नारी सुभग सदा ही ॥
बलवान् सभ्य योद्धा, यजमान पुत्र होवें।
इच्छानुसार वर्षें, पर्जन्य ताप धोवें।
फल-फूल से लदी हों, औषध अमोघ सारी।
हो योग क्षेमकारी, स्वाधीनता हमारी।

●

सब वेद पढ़ें सुविचार बढ़ें, बल पाय चढ़ें नित ऊपर को,
अविरुद्ध रहें, ऋजु पन्थ गहें, परिवार कहें, वसुधा भर को,
ध्रुव धर्म धरें, पर दुःख हरें, तम त्याग तरें, भवसागर को,
दिन फेर पिता, वर दे सविता, हम शुद्ध करें, जगती भरको।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

पाप को मिटा दो आज !

जलते रहो,
बढ़ते रहो,
चलते रहो,

देश के सपूत हो,
मातृ भू के पूत हो,
तुम तो देव दूत हो,

अभय बढ़ो,
विजय वरो,
अभय करा,

राष्ट्र ध्वज झुके नहीं,
वाहिनी रुके नहीं,
ज्योति भी बुझे नहीं,

वीर तुम बढ़े चलो,
शत्रु पर चढ़े चलो,
बन्धनों का छोड़ कर,
दुष्ट दर्प तोड़ कर,

धर्म युद्ध जीत लो !
सत्य युद्ध जीत ला
पाप को मिटा दो आज,
ज्योति को जलादो आज !

—भारतेन्द्र

माघ संवत् २२०८

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

चलो जूझने सिंह-सपूतो !

झुके न झंडा भारत-माँ के वीर वंश के नाम का !
चलो जूझने सिंह-सपूतो, समय नहीं विश्राम का।
बजा बिगुल संग्राम का !

जाग गया है समाधिस्थ बंगाल, सत्य हित क्रुद्ध हो,
बाज न आयेंगे भिड़ने से, चाहे विश्व विरुद्ध हो,
अब अपनी इस जय-यात्रा का, पथ न कहीं अवरुद्ध हो,
शक्ति-पूजको ! माँ का है आदेश, निरन्तर युद्ध हो,
मातृभूमि के लिए कटे जो शीश नहीं, किस काम का,
चलो जूझने सिंह-सपूतो, समय नहीं विश्राम का,
बजा बिगुल संग्राम का !

रणचण्डी की सूखी जिह्वा आज लहू से लाल है,
भूखी है पगली प्रतिहिंसा, नंगी हर करवाल है.
गरज उठा वीरत्व, कि पौरुष ने फिर ठोंका ताल है,
भड़क उठी फिर से भारत में महासमर की ज्वाल है,
मिटा शत्रु को ही दम लेगा, जंगी जोश अवाम का,
चलो जूझने सिंह-सपूतो, समय नहीं विश्राम का,
बजा बिगुल संग्राम का !

दुश्मन की सेना गाजर-मूली सी काटी जायगी,
वैरी की बोटी-बोटी कुत्तों को बाँटी जायगी,
फुलवारी में उगी कँटीली झाड़ी छाँटी जायगी,
लगता है हर घाटी नरमुण्डों से पाटी जायगी,
किस की भला मजाल, पिन्हाये चोला हमें गुलाम का,
चलो जूझने सिंह-सपूतो, समय नहीं विश्राम का,
बजा बिगुल संग्राम का !

—शम्भूप्रसाद श्रीवास्तव

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

कश्मीर चलो ! कश्मीर चलो !!

—गोपाल प्रसाद व्यास

सन्देशा मां का आया है,
दुश्मन आगे बढ़ आया है,
तो छम्ब-जोरियां पर अड़ने,
सब बाधाओं को चीर चलो !
कश्मीर चलो ! कश्मीर चलो !!

रथ योद्धाओं का रुके नहीं,
गर्वोन्नत माथा झुके नहीं,
मन से, धन से पर्याप्त नहीं,
अब तो वीरो ! सशरीर चलो !

अब नैट चलो, विजयन्त चलो,
दुश्मन का करने अन्त चलो,
घाटी की माटी टेर रही,
सीमा की लाँघ लकीर चलो !

बढ़ चलो शिवाजी के शेरो !
दुश्मन को घाटी में घेरो,
जीवित बचकर जाने न पाय
भारत माता के वीर चलो !

कर दो चिनाब का रंग लाल,
पिन्डी पर नाचे महाकाल,
मच जाय मरी में मरी-मरी,
ऐसी बाँकी शमशीर चलो !

गीता का ज्ञान सफल करने,
अब गाण्डीव के तीर चलो !
कश्मीर चलो ! कश्मीर चलो !!

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

जो भी वैरी हिन्द भूमि पर अपनी नजर उठाएगा।
सीमा के जागृत प्रहरी से कभी न बचने पाएगा ।।
जब भी कभी मिली चुनौती अपने हिन्दुस्तान को।
जब भी कोई छेड़ने आया सिंहों की सन्तान को ।।
तभी जवानी मचल पड़ी है अरि को धूल चटाने को।
अरि दल के मुण्डों की माला माता को पहनाने को ।।

—बनारसी सिंह

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

विजय के मार्ग पर

अपनी प्राचीन परंपराओं पर चलते हुए विश्व विजयी भारत फिर से एक बार विजय के मार्ग पर चल पड़ा है। इस साहस के लिये राष्ट्र नायकों को वधाई!

संसार क्या कहता है, यह चिन्ता छोड़ हमने अपने हितों को पहचानने को दिव्य दृष्टि का सृजन आरम्भ किया है। यह शुभ आरंम्भ है पर अन्त नहीं।

अपना वचन निभा कर पूर्व बंगाल में हमने शैतान के पंजे से मनुष्य को बचाने के लिये अपना सर्वस्व दांव पर लगा दिया। और सत्य एक बार फिर जीत गया।

यह विजय का प्रारम्भ है, अंत बहुत दूर है। शत्रु दल की टोलियां चारों ओर बिखरी हैं। मनुष्य राक्षस के रूप में सभ्य वन कर सत्तासीन है। ऐसे में अपने देव-रूप की रक्षा के लिये हमें अपने महान् शक्तिशाली स्वरूप को उभारना होगा।

भारत को अपने महान् आदर्शों और सिद्धान्तों की रक्षा के लिये विश्व शक्ति के रूप में उभरना होगा। हम हिंसा को मिटाने का व्रत लें, और यह तभी सम्भव है जब हम एक होकर आस-पास, दूर-पार के दानवों के कुचक्रों को समाप्त करने का निश्चय करें।

विजय के स्वर भारत के हृदय का संगीत बनें। यह हमारी हार्दिक कामना है।

—राकेश रानी

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

दयानन्द-संस्थान भेंट करता है

अनुपम-आकर्षक-संस्ता

सत्यार्थ-प्रकाश

(प्रचार-संस्करण)

साइज

२३×३६/१६ —४० पौंड, बढ़िया कागज	—सजिल्द
लागत मूल्य	४)
बिक्री मूल्य	२)

केवल ५-१० या २५ प्रतियां भेजेंगे। डाक खर्च ६) ५-१०-२५ पर समान लगेगा। वी. पी. नहीं जाएंगी। २० जनवरी १९७१ के बाद आदेश स्वीकार न होंगे।

२५ से अधिक प्रतियां किसी को भी न दे सकेंगे, क्षमा करें—

तुरन्त धन सहित आदेश दें—

व्यवस्थापक

दयानन्द-संस्थान, नई दिल्ली-५

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

मैं हृदय मन्दिर से लिख रहा हूँ ~ भारतेन्द्र नाथ

विजय के लिए

भारत-पाक के दूसरे युद्ध में भी हम जीत गए। यह विजय स्वाभाविक है क्योंकि सत्य कभी हारा ही नहीं। फिर भी इस विजय से प्रेरणा ले हमें स्थिति की वास्तविकता पर गंभीरता से चिन्तन करना चाहिए।

पाक का जन्म ऐसी विकृत विचारधारा की प्रेरणा का परिणाम है जिसका अन्तिम रूप भयानक नर संहार के अतिरिक्त और कुछ हो ही नहीं सकता। मनुष्य और मनुष्य में घृणा उत्पन्न करने की शिक्षा, काफिर और मोमिन की तालीम, जिहाद के नारे और ज़हरीली मज़हबी बुनियादें वह ज़हर हैं जिन्होंने पाकिस्तान बनाया, और इनका नंगा रूप १९४७ और १९७१ में दुनियां ने देखा।

अपने स्वार्थ के लिए दूसरों का कत्ले आम करने की कहानी इतनी वीभत्स और भयावनी है, कि उस का वर्णन न करना ही उचित है। पाकिस्तान के फौजी शासकों ने अपने ही हम वतन और हम-मज़हब लोगों से विचार भेद होने पर जो आसुरी विनाश चक्र चलाया उस की उपमा इतिहास में मिलनी कठिन है।

इसलिए आज समय आ गया है कि हम अपने देश की सैनिक और मानसिक शक्ति को सुगठित करने के साथ उस ज़हरीली तालीम की जड़ों को उखाड़ फेंकने का व्रत लें जिसने पाकिस्तान को जन्म दिया था।

पाकिस्तान का जन्म आसुरी शक्तियों के षड्यन्त्र का परिणाम था।

वह पाप-घट फूट रहा है किन्तु जब तक पाकिस्तान बनाने वाली ज़हरीली विचार धारा धरती पर रहेगी तब तक नए नाम भले ही हम रख लें, मनुष्य मनुष्य न बन सकेगा।

धर्म का काम मनुष्य को मनुष्य बनाना है किन्तु जो धर्म, धर्म के नाम पर मनुष्य को राक्षस बनाता है उस ज़हरीले धर्म (मज़हब) की हस्ती को हमें धरती से मिटाना होगा।

अभी इतिहास के पन्ने खून से लाल हैं। संसार खूनियों की हिमायत में खड़ा है। स्पष्ट है कि पाप का राज्य दुनिया पर हावी है। भारत का नया

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

रूप सत्य, शांति और मनुष्य को मनुष्य बनाने वाले धर्म की रक्षा के लिए उभरे, यह हमारी इच्छा है ।

हमारी इच्छा उन सभी व्यक्तियों की इच्छा बन जाए जो मनुष्य को मनुष्य बना कर धरती पर स्वर्ग लाना चाहते हैं। ज़ो चाहते हैं कि कोई किसी निर्दोष का खून न बहाए। इन्सान की एक बिरादरी हो, एक रास्ता हो, एक मंजिल हो और एक आवाज़ हो, इन्सानियत की आवाज़, सच्चायी की आवाज़ ।

शैतान के फुंकारते फन को कुचलने के लिए हमें शक्ति संपन्न होना होगा। स्थायी विजय के लिए भारत को भारत बन कर, जिहाद और मुजा-हिदों के खूंख्वार नारों को मिट्टी में मिलाने के लिए सिर पर कफ़न बाँध कर मर मिटने को तैयार रहना होगा ।

अंधेरे का पर्दा फट चुका है। आशा का उगता सूरज हमें बुला रहा है। महर्षि दयानन्द के अनुयायियो ! धर्म के पहरेदारो और मानवता के वीर रक्षक सपूतो उठो ! विजय को स्थायी बनाने के लिए आसुरी प्रवृत्तियों के विरुद्ध युद्ध करो !

युद्ध करो धर्म के लिए, मनुष्य के लिए, सत्य, न्याय और शांति के लिए। लड़ो उन सब से, जो धरती को नर्क बनाना चाहते हैं।

जो सोता रहेगा वह नष्ट हो जाएगा, जागने वाला जीतेगा, और आगे भी बढ़ेगा। भविष्य उसी का है जो अपने आदर्शों के लिए मर मिटने को तैयार है ।

हम जीतेंगे, धर्म जीतेगा, सत्य जीतेगा, यह विश्वास लेकर पाप की जड़ों को जला दो, देखो फिर कभी कहीं भी विषधर का फन उभरने न पाये।

१९७१ जाते-जाते संसार को यही संदेश दे गया है ।

परखो, देखो, सहयोग दो !

हम जो कुछ कर रहे हैं, वह प्रत्यक्ष है। हमारी कोई घोषणा ऐसी नहीं जो पूरी न हुयी हो। हमें जितना भी सहयोग मिला, उस के अनुसार हम कार्य करते जा रहे हैं।

किन्तु कभी-कभी जब बोझ हमारी कमर तोड़ने लग जाता है तो हम अपने को बेवस-सा अनुभव करने लगते हैं। एक क्षण के लिए यह विचार भी आता है कि कहीं हम गलत दिशा में तो नहीं जा रहे। किन्तु पलक मारते ही मन कहता है कि नहीं; मार्ग ठीक है। बढ़े चलो, रुको नहीं, प्रभु तुम्हारे साथ है। प्रभु का यह विश्वास ही हमारी पूंजी है।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

और आज इन पंक्तियों को लिखते हुए भी हम, अपने पर भारी बोझ अनुभव कर रहे हैं। ऋषि जीवन का दूसरा संस्करण समाप्त ह ~ा है। तीसरा संस्करण प्रकाशित करना है, किन्तु समस्या है, धन की ।

इस विषय में जनता की, विशेष कर धनपतियों की उदासीनता देखकर हम सोच रहे हैं कि अपने गुरु देव दयानन्द के जीवन के प्रसार के प्रति भी यदि हमारा उत्साह नहीं उमड़ता तो किस पर उभरेगा ?

खोखले नारे सुन कर हमारा जोश उभर सकता है। भवनों के निर्माण के लिए हम थैलियाँ खोल सकते हैं किन्तु ऋषि जीवन के प्रसार के प्रति हम उदासीन हैं। हम प्रत्येक दयानन्द के अनुयायी के हृदय में ऋषि के प्रति गुरु भक्ति उत्पन्न कर यह चाहते हैं कि वह इसके प्रसार में लग जाए ।

भारत में ५५ करोड़ व्यक्ति रहते हैं । इन ५५ करोड़ में १० करोड़ साक्षर बालिग होंगे। १० करोड़ तक ऋषि का जीवन पहुँचाने का लक्ष्य ५ लाख जीवन का प्रकाशन बहुत छोटा प्रयास है। पर यदि यह पूर्ण नहीं हुआ तो हम समझेंगे, कि हमारी श्रद्धा में, संकल्प में, राह में दोष है। किन्तु क्या आप चाहेंगे कि यह ५ लाख का सकल्प अधूरा रह जाए ?

हमने भावना में बह कर एक भूल (?) और कर डाली कि ऋषि जीवन के प्रचार के साथ-साथ सत्यार्थ प्रकाश के प्रसार का व्रत भी ले लिया.....

अब स्थिति यह कि सत्यार्थ प्रकाश छप रहा है, वह प्रसारित भी होगा; लेकिन इस बोझ को क्या आप नहीं बाट सकते ? क्या हमारी इस भूल (?) को आप भूल ही समझेंगे ?

भाइयो और बहनो !

देखो आँखे खोलकर देखो और परखो, यदि हमारे कार्य, व्यवहार में आपको सही दिशा दिखायी पड़े तो उदारता से धर्मध्वजा लहराने के लिय सहयोग दो।

गुरुदेव दयान्द की दिव्य पताका भूमंडल पर फहराने का स्वप्न जो साकार करना चाहें, वे हमारा साथ दें। प्रत्येक मन मन्दिर पर 'वेद' ध्वजा लहराने के इच्छुक हमें सहयोग दें।

हम केवल ऋषि दयानन्द के भक्तों को पुकारते हैं। किसी की खुशामद करना न स्वभाव है, न यह संभव है। हमारा काम आप के सामने है। कार्य की गूंज यदि आप को प्रेरणा दे सके तो सफलता के लिए सहयोग दीजिए।

अकेले होते हुए भी हम बढ़ते जाएंगे । रुकेंगे नहीं, यज्ञ तो सफल होगा ही, क्योंकि श्रद्धा और संकल्प का बल अभी जागृत है।

आप अपने कर्तव्य में चूक न जाएं और यज्ञ पूर्ति में देरी न हो इसी से आप सभी से कह रहा हूँ--पूरे बल से सहयोग दें ताकि ऋषि का लक्ष्य शीघ्र पूर्ण हो सके ।

—भारतेन्द्र नाथ

माघ संवत् २०२८

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

यह सुविधा केवल शिवरात्रि तक है

प्रत्येक आर्य परिवार में चारों मूल वेद तो होने ही चाहिएं।

'जन-ज्ञान' ने ५०० मूल 'वेद' (ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद) बिना मूल्य भेंट में देने का निश्चय किया है

आप केवल यह करें कि—

जन-ज्ञान (मासिक) के ५ सदस्य बना कर उन का शुल्क ५०) हमें भेज दें।

हम रजिस्ट्री से चारों 'वेद' सजिल्द आप को उपहार में भेज देंगे।

शीघ्रता कीजिए और आज ही अपना उपहार प्राप्त कीजिए

व्यवस्थापक— जन-ज्ञान (मासिक) नई दिल्ली-५

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

नव-विवाहित राजा हाड़ा जब युद्ध-भूमि में जाने लगे तो रानी के प्यार में पागल बन बैठे, कई व्यंग मारने पर हाड़ा युद्ध में पहुँचे, फिर भी तलवार नहीं चली। रानी के प्यार से हाड़ा जी हार रहे थे, जब रानी ने यह सुना कि मेरे पति हार गये तो कलंक लग जायेगा। रानी ने सोचा मेरे मोह में रहने वाला पति क्या जीतेगा, उसी समय अपना सिर काट कर युद्ध-भूमि में पहुँचा दिया। रानी का कटा हुआ मुण्ड देख कर वीर हाड़ा दुश्मन पर टूट पड़े, युद्ध में विजयी हुए, कर्तव्य का पाठ सिखाने वाली हाड़ा की रानी का त्याग सम्पूर्ण देश में सदा के लिये स्मरणीय हो गया। —आभा रानी

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

जन—ज्ञान—प्रकाशन की अपूर्व भेंट

अमृत क्या है ?
स्वर्ग कैसे मिले ?
जीवन की सफलता के
११ व्रत क्या हैं ?

इन प्रश्नों का उत्तर जानने के लिए—पढ़िए

अमृत-पथ

सजिल्द, १७६ पृष्ठ।
बढ़िया कागज—
मूल्य ३)

सत्संग-महिमा

विद्यार्थियों का मार्ग-दर्शन

स्व० स्वामी वेदानन्द जी
तीर्थ लिखित

मूल्य २०) सैंकड़ा

●

स्वामी श्रद्धानन्द

जीवन चरित्र-श्रद्धांजलियां

मूल्य ५० पैसे

वैदिक-संध्या

१६ पृष्ठ : १०) सैकड़ा
बांटने के लिए
अपूर्व—
भारी सख्या में मंगाए

वैदिक सत्संग-पद्धति

तीसरा संस्करण—५०) सैकड़ा

महान् वैदिक सिद्धान्तों का परिचयात्मक ग्रंथ
(अंग्रेजी में)

The Vedic Fundamenteles

मूल्य २॥)

जन-ज्ञान-प्रकाशन
१५६७ हरध्यानसिंह मार्ग. नई दिल्ली-५

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

जय जवान, जय किसान !

पूरे बल से जाग उठा है, भारत देश महान,
जय जवान, जय किसान !
हमने की है आज प्रतिज्ञा आगे बढ़ते जायेंगे
अपने बलिदानी वीरों का कर्जा सभी चुकायेंगे
जिस दुश्मन ने हमें चुनौती दी है उसे मिटायेंगे
माता का जो दूध पिया है उसका मोल चुकायेंगे
भारत मां के सारे बेटे मिल कर गायेंगे जयगान,
जय जवान, जय किसान !
हम राणा प्रताप के वंशज चेतक पर चढ़ निकले हैं
पैटन हाथी के सिर हमने टापों से ही कुचले हैं
सैबर जैट हैं मार गिराये, पुष्पक-नेट विमान से
दुश्मन की गर्दन तोड़ी है हमने ऊँची शान से
आज बढ़ा सारी धरती पर अपना ऊँचा मान
जय जवान, जय किसान !
काश्मीर से रामेश्वर तक जीवन का प्रण जागा है
कच्छ क्षेत्र से नेफा तक अब आज विजय स्वर जागा है
विजय वरण का प्रण लेकर यह शैशव यौवन जागा है
भारत की नारी में भी अब पुनः पराक्रम जागा है
जाग-जाग कर गुंजा रहे हम, आज विजय के गौरव गान
जय जवान जय किसान !
शपथ आज है मातृभूमि की जौहर हम दिखलायेंगे
जितना खून बहा वीरों का, उतना खून बहायेंगे
जिसने माता को ताका है उसको सबक सिखायेंगे
बलिदानी वीरों का झंडा पिंडी पर लहरायेंगे
सब कुछ देंगे, कष्ट सहेंगे, विजय वरेंगे वीर जवान।
जय जवान, जय किसान !

—राकेश रानी

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

प्रान्तीय आर्य महिला सभा का सराहनीय कार्य

दिल्ली की प्रान्तीय आर्य महिला सभा ने इस युद्ध में वीर जवानों की सेवा का सराहनीय कार्य किया। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर एक स्टाल लगा कर जहाँ उन्होंने सैनिकों को, चाय बिस्कुट, फल आदि भेंट किए, वहां उन्हें वैदिक साहित्य भी भारी संख्या में भेंट किया।

सभा की प्रधाना श्रीमती सावित्री देवी जी और मंत्राणी श्रीमती शकुन्तला जी ने दिन रात श्रम कर, सभी महिला आर्य समाजों के सहयोग से वीर सैनिकों की सेवा की।

साहित्य वितरण के लिए "दयानन्द-संस्थान" की ओर से भी ऋषि जीवन वैदिक संध्या, The Great Gaytri अमृत पर्व, योग जीवन आदि ग्रंथ स्टाल से वितरण किए गए। सार्वदेशिक सभा ने भी कर्तव्य दर्पण व टार्च बियरर पुस्तकें जवानों को भेंट में दीं।

संपूर्ण कार्य के आयोजन के लिए संयोजक वहनें विशेष कर श्रीमती सावित्री देवी जी, वहन शकुन्तला जी बधाई की पात्र हैं। इस स्टाल के कुछ चित्र आवरण के पृष्ठ २ पर देखें

१—ऊपर के चित्र में श्रीमती शकुन्तला जी वीर सैनिकों का स्वागत कर रही हैं। साथ में जन-ज्ञान की संपादक पंडिता राकेश रानी भी खड़ी हैं।

२—-मध्य के चित्र में श्रीमती सावित्री देवीजी व वहन शकुन्तला जी दयानन्द संस्थान के संचालक पं० भारतेन्द्रनाथ को कार्य का विवरण बता रही हैं। पास में प्रसिद्ध पत्रकार श्री बनारसी सिंह जी सह-सम्पादक वीर अर्जुन खड़े हैं।

३--नीचे वीर सैनिक स्टाल के पास वैठे अपने परिवारों को पत्रादि लिख रहे हैं।

मुफ्त "साहित्य प्रचारक" मगाएं

मासिक पुस्तकालयों को केवल डाक व्ययार्थ साठ पैसे का धनादेश प्राप्त होने पर वर्ष भर भेजा जायगा। विज्ञापन का उत्तम साधन है। पण्डित जयदेव आदर्श एण्ड कम्पनी आत्माराम मार्ग कारेलीवाग बड़ौदा--१

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

धर्म युद्ध में — विजय के लिए

महर्षि दयानन्द की — लक्ष्यपूर्ति के लिए

मतवाद मिटा धर्म ध्वजा — धरती पर फहराने के लिये

क्या आप २ पैसे प्रतिदिन दे सकते हैं ?

"दयानन्द-संस्थान" गीता-प्रेस गोरखपुर

से भी अधिक शक्तिशाली बनकर

संसार में वेद-ध्वजा लहराने

के लिए कृत संकल्प है

आप को श्रद्धा हो ऋषि के मंतव्यों पर वेद पर और विश्वास

हो हमारी साधना पर............तो

दयानन्द-संस्थान को शक्तिशाली बनाइए

१००१) प्रतिवर्ष देकर — 'संरक्षक-सदस्य'

१०१) प्रतिवर्ष देकर — 'संचालक-सदस्य'

५१) प्रतिवर्ष देकर — 'सहायक-सदस्य'

२५) प्रतिवर्ष (अर्थात् २ पैसे प्रतिदिन) देकर

'सहायक-सदस्य बनें ।

१ जनवरी से १५ जनवरी तक सदस्य बनिए और बनाइए

दूसरी ओर का पत्र भरकर आज ही भेज दें

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

ओ३म्

सेवा में,

श्री संचालक महोदय,

दयानन्द संस्थान,

नई दिल्ली-५

मान्यवर !

सादर नमस्ते

मैं "दयानन्द-संस्थान" के लक्ष्य और कार्य की वृद्धि के लिए संस्थान का.............................सदस्य बनना स्वीकार करता हूं।

मैं विश्वास दिलाता हूं कि प्रतिवर्ष तिथि.............. मास..........को.............रुपए नियमित रूप से इस पवित्र कार्य के संचालनार्थ भेजता रहूंगा।

भवदीय

हस्ताक्षर..............................

नाम..............................

दिनांक

पूरा पता..............................

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

सत्यार्थ-प्रकाश का प्रकाशन

'दयानन्द-संस्थान' की ओर से सत्यार्थ-प्रकाश का प्रकाशन हो रहा है। छपना २ प्रेसों में एक साथ चालू है। और पूरा प्रयत्न यह है कि शिव-रात्रि से पहले हम 'सत्यार्थ-प्रकाश' जनता को अर्पित कर सकें। इस संबन्ध में बहुत से पत्र हमें प्राप्त हुए हैं, जिनके पृथक-पृथक उत्तर देना कठिन हैं। आवश्यक सूचनाएं निम्न हैं—

१. 'सत्यार्थ-प्रकाश' का उपहार संस्करण उन्हें ही ३)२५ पैसे में दिया जाएगा। जिनका धन हमें ३१ दिसंबर तक प्राप्त हो चुका है। नए आदेश ५. प्रति के हिसाब से ही स्वीकार किये जाएंगे।

२. 'सत्यार्थ-प्रकाश' के "प्रचार संस्करण" के लिए हमें उतनी सहायता नहीं मिल सकी, जितनी कि हमें आशा थी, फिर भी अपना वचन निभाने की दृष्टि से प्रचार-सस्करण भी प्रकाशित किया जा रहा है—

३. इस संस्करण का सजिल्द का मूल्य २) प्रति होगा।

४. साइज २३ × ३६/१६ और कागज बढ़िया है। बिलकुल हमारे अंग्रेजी सत्यार्थ-प्रकाश जैसी रूपरेखा होगी।

५. यह संस्करण -५-१०-२५ प्रतियों के पैकेट में ही भेजा जायेगा। २५ से अधिक और ५ प्रतियों से कम किसी को भी नहीं भेजी जाएंगी। कार्यालय से १-२ प्रति भी मिल सकेंगी।

६. डाक व्यय ५ प्रतियों पर १० व २५ प्रतियों पर समान रूप से ६) ही लगेगा।

६. किसी को भी, किसी भी स्थिति में वी. पी. नहीं भेजेंगे। मूल्य व डाक व्यय एक साथ अग्रिम आना चाहिए।

७. २० जनवरी १९७२ के बाद कोई आदेश प्रचार-संस्करण का स्वीकार नहीं किया जा सकेगा।

८. हमें खेद है कि अर्थाभाव से हम भारी संख्या में इसकी प्रतियाँ न छाप सके। हमारी इच्छा इसे भी एक लाख छापने की है। प्रथम संस्करण देख कर आर्य जनता की यदि नींद टूट गयी और 'सत्यार्थ-प्रकाश' पर श्रद्धा कर प्रचार के लिए यदि उदारता से सहयोग मिला तो हम शीघ्र ही अगला सस्करण एक लाख का प्रकाशित करेंगे।

जिन के सहयोग से यह भेंट हम दे सके, उन की ऋषि भक्ति के प्रति हम नत मस्तक हैं—

विनीत

दयानन्द-संस्थान
१५९७ हरध्यान सिंह मार्ग नई दिल्ली-५

भारतेन्द्र नाथ
संचालक

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

आध्यात्मिकता की गंगा : फसाद और दंगा

●

"सत्यशोधक"

राजधानी की दीवारों पर बड़े-बड़े पोस्टर (भित्ति पत्रक) "दिव्यतम विभूति का भव्यतम स्वागत" करने के लिए ७ नवम्बर को पालम हवाई अड्डे पर पहुँचिए। जिज्ञासा भरी दृष्टि से दर्शक उसे देखते। उत्कंठा जगती और पथ चलता राहगीर ठहर जाता। इसी पोस्टर पर था एक किशोर का चित्र, चूड़ीदार पायजामा और कुरता पहने तथा साथ में कुछ विदेशी युवक-युवतियों का भी एक विमान से उतर कर, उस किशोर के पीछे-पीछे चलते हुए; ये सब दिखाए गए थे। इस चित्र में प्रदर्शित किशोर की मुख मुद्रा से मासूमियत कम और दर्प ही अधिक झलकता है!

नगर की दीवारों पर भी बड़े-बड़े अक्षरों में लाल रंग से अंकित थे ऐसे ही कुछ नारे। इनमें से कुछ तो किसी तुकवंद तुक्कड़ की सूझबूझ की गवाही स्वयं ही दे देते हैं। लगे हाथ इनकी भी वानगी देख लीजिए:—

उतर रहे योगेश्वर बाल।
७ नवम्बर प्रातः काल॥
होगा सारा पालम लाल।॥

(२)

उतरेगें बाल योगेश्वर पालम पर
मस्ती छा जाएगी कुल आलम पर

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

तथाकथित बालयोगेश्वर उर्फ श्री प्रेमपाल सिंह रावत

ढोंग का यह रूप कब तक ?

और फिर सात नवम्बर का दिन भी आ गया। राजधानी के नागरिकों ने देखा सैकड़ों भोले-भाले ग्रामीण नर-नारी पालम पर पहुँचे। दर्शन पाने को उस तथाकथित दिव्यतम विभूति के जिन्हें उनके ढिढोरची "बाल योगेश्वर" कहते हैं तो उनके अधिकांश भक्तों की दृष्टि में वह भगवान् का अवतार है तो कई श्रद्धालु तो उन्हें ही परम पिता परमात्मा समझते हैं।

इन भोले भक्तों के ये सजीले भगवान् जम्बो जैट विमान से विदेशी भक्तों का पूरा खानदान अर्थात् ३०० (डिवाइन लाइफ मिशन के प्रकाशनों के अनुसार) से अधिक गोरी चमड़ी वाले भक्त और भक्तिनियों को लेकर पधारे। जय-जयकार और पुष्प वर्षा की धूमधाम हुई और भोले-भाले श्रद्धालु जन दर्शन पाकर निहाल हो उठे।

चलचित्र का एक चरण पूर्ण हुआ और फिर दूसरा प्रारम्भ हुआ ८ नवम्बर से रामलीला मैदान में। जिस मैदान में प्रतिवर्ष ही दशहरा के पावन पर्व पर लाखों श्रद्धालु जन राम-रावण युद्ध का अभिनय देखने और रावण,

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

कुम्भकरण और मेघनाद के पुतलों का दहन देखने के लिए एकत्रित होते हैं। यहाँ श्रद्धालुओं ने विद्युत दीपों से जगमगाते मंच पर से इन "फारेन कन्ट्रीज रिटर्न" तथा विमान से अवतरित हुए "बाल योगेश्वर" के श्रीमुख से शान्ति के सुमधुर उपदेश सुने। तीन दिन तक इस विशाल मैदान में सुविशाल जमा-वड़ा जारी रहा। प्रतिदिन ही "बाल योगेश्वर" के "दिव्य प्रवचनों" का क्रम चला। इन्हें सुनकर ऐसा लगता था कि मानो वाद-विवाद प्रितयोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने के लिए सधायी और सिखायी एवम् रटायी गई कोई रटन्त विद्या द्वारा तैयार किया गया "मसाला" बड़ी पूर्णतासहित निगल कर, कुशलता सहित उगल रहा है।

तीन दिन तक चले सारे उपदेशों और प्रवचनों का एक ही सार था "शान्ति के चाहने वालो ! मेरे पास आओ, मैं तुम्हें आत्मज्ञान द्वारा वह शान्ति दूंगा, जिसे पाकर तुम धन्य-धन्य हो जाओगे.........।"

उन्होंने विदेशों में भी अपनी कला का सफल प्रदर्शन किया था। जिसके प्रमाणपत्रों का संग्रह भक्तों ने "बाल योगेश्वर श्री संत जी महाराज की विश्व शान्ति यात्रा का विवरण" में प्रस्तुत किया है।

इन बाल योगेश्वर ने विदेशों में भी अपने प्रवचनों में एक ही भविष्यवाणी की है, वैज्ञानिक प्रगति की खिल्ली उड़ाते हुए। यद्यपि वैज्ञानिक प्रगति के प्रतिदान विमान पर चढ़कर ही इन्होंने भारत से प्रस्थान किया था और उसी से वापस चेले-यारों सहित ये पुनः भारत पधारे भी हैं। यह भविष्यवाणी है:-

"अब तुम्हें अपनी प्रगति का फल शीघ्र मिलने वाला है......। बमों का विस्फोट......भयंकर आवाजें......ज्वाला तथा मृत्यु आदि जैसी घटनाएँ अब घटित होने वाली हैं......देखो ! देखो ! उस पुरानी घड़ी की ओर टक टक करती हुई किस प्रकार तेजी से चल रही है। उसी प्रकार यह समय भी तेजी से आ रहा है। इन बमों के विस्फोट, अकाल और टैंकों की गड़गड़ाहट को लेकर भयंकर घटनाएँ घटेंगी। लाखों लोग मरेंगे......ज्वालामुखी फटेंगे ......लोग तबाह हो जाएंगे और चारों ओर त्राहि-त्राहि मच जाएगी...... और वही लोग बचेंगे जो उस ज्ञान ज्योति रूपी कवच को ग्रहण करेंगें। इस के अतिरिक्त शेष सब नष्ट हो जाएंगे।

("धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र" मासिक नवम्बर, ७१)

दस नवम्बर को इस "दिव्यतम विभूति" के 'दिव्य प्रवचनों' का रामलीला मैदान में चल रहा सिलसिला समाप्त हो गया। उस दिन जमावड़े की समाप्ति से पूर्व भक्तों को उनके 'भगवान्' ने मुरली धारण कर गोपी वल्लभ श्रीकृष्ण के रूप में मुरली बजाते हुए सिर पर मोर मुकुट धारण कर भी दर्शन दिए। भक्त-जन इस मनोहर छवि पर बलिहारी हो, निहाल हो गए।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

अवतार जी को भक्त मंडली ने अपने प्रभु के दर्शन कराने हेतु "दिव्यतम् विभूति" से भेंट वार्ता के लिए राजधानी के एक भव्यतम् होटल में विभिन्न समाचार पत्रों के प्रतिनिधियों को भी आमन्त्रित किया। बताया जाता है कि इस पत्रकार गोष्ठी में "घट घट वासी, पल क्षण का हिसाब रखने वाले ये अवतार निर्धारित समय से केवल लगभग ६० मिनट बाद ही वहाँ नमूदार हुए। पत्रकारों ने आपसे कुछ प्रश्न किए। कहा जाता है कि एक प्रश्न के उत्तर में आपने अपने आपको पूर्ण आत्मा बताया।

अगले दिन समाचार पत्रों में इस के संवाददाता सम्मेलन का समाचार भी छपा। एक समाचार के संबन्ध में भक्तों को आपत्ति हुई। उसका खंडन भी उक्त समाचार पत्र (दैनिक नवभारत टाइम्स) में प्रकाशित हुआ। बाल योगेश्वर के चेलों ने राम और कृष्ण को अपूर्ण और अपने "गुरुदेव" का एक मात्र पूर्णावतार होने का भी दावा जताया। खंडन छप जाने के उपरांत भी रामलीला मैदान में शान्ति की मन्दाकिनी के जल में आकण्ठडूबे भक्तों को संतोष न हुआ। उन्होंने नवभारत टाइम्स के कार्यालय पर प्रदर्शन की घोषणा कर दी और एक दिन अवतारी योगेश्वर की शिष्य मंडली ने कार्यालय पर हल्ला बोल दिया। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार शान्ति की सरिता में डूबे सैंकड़ों भक्त-भक्तिनियां समाचार पत्रों की स्वतंत्रता को भी अपने क्रोध की ज्वाला में जलाकर क्षार-क्षार कर देने के लिए कृत संकल्प होकर ही वहाँ पहुँचे थे। क्योंकि वहाँ प्रदर्शनकारियों के तथाकथित मार्ग दर्शकों ने जो भीषण भाषण दिए उनमें विनाश और सत्यानाश के उद्घोष ही उभर रहे थे।

बताया जाता है कि इस प्रदर्शन की पराकाष्ठा उस समय हुई जब राम-लीला मैदान में तैयार हुए "शान्ति बम" का विस्कोट बहादुर शाह जफर मार्ग पर स्थित "टाइम्स भवन" के प्रवेश द्वार पर हुआ। जगत् में शान्ति की सरिता बहाने वाले साधक आततायी बन गए। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार इन भक्तजनों ने पत्थरों की बौछारों से भवन के शीशे तोड़ कर कई निरपराधों के सिर फोड़कर अपनी "साहिष्णुता" और "शान्ति प्रियता" तथा "प्रेम की परा-काष्ठा" का परिचय दिया। अनेक पुलिस कर्मचारी भी इस उपद्रव के कारण घायल हुए तो नवभारत टाइम्स कार्यालय के कई कर्मचारी भी। घायल पुलिस में से एक कर्त्तव्य परायण सिपाही को तो अपने प्राणों से भी हाथ ही धोना पड़ा।

उपद्रव के बाद "टाइम्स भवन" के दृश्य को देखकर ऐसा लगता था कि बाल योगेश्वर के भक्तों ने अपने आराध्य देव की भविष्यवाणी को सत्य सिद्ध करने की दिशा में मानो पूर्वाभ्यास ही किया था। उनके गुरुदेव का यही तो भविष्यकथन है न कि "त्राहि-त्राहि मच जाएगी और वही लोग बचेंगे जो

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

उस ज्ञान ज्योति रूपी कवच को धारण करेंगे।" क्योंकि वहाँ त्राहि-त्राहि भी मच उठी और एक कर्त्तव्य परायण पुलिसजन अकाल मृत्यु का ग्रास भी बन गया।

उस दिन के घटना क्रम ने प्रत्येक विचारशील व्यक्ति को यह सोचने पर विवश कर दिया है कि भारत की धर्म परायण किन्तु भोली भाली जनता कब तक नित नए अवतारों, छैल छबीले गुरुओं और रंग-बिरंगे संतों, महात्माओं और मोक्षदाताओं के मायाजाल के जंजाल में फंसती रहेगी।

अवतार में जिनकी आस्था नहीं उनकी बात तो अलग है किन्तु जो उसमें विश्वास रखते हैं उनका कल्याण तो अब तक एक युग में जन्मे एक ही अवतार से होता रहा था किन्तु आज तो अवतारों की बाढ़-सी ही आ गई है। देश के विभिन्न अंचलों में कही कोई ब्रह्मा का अवतार बनकर अपने पीछे कुमार और कुमारियों को लगा रहा है तो कोई आनन्द की मूर्ति बन कर देश की भूखी जनता को 'आनन्द' का भोग लगवा रहा है। कोई हथेली में परमात्मा के दर्शन कराकर, साकार उसे दिखाकर निराकार की महिमा दिखा रहा है तो कोई स्वयं को शंकर का अवतार बता रहा है। आज एक साथ ही अनेक अवतार भारत भूमि के कोने-कोने में नमूदार हो रहे हैं और विदेशो में अपने 'गुरुडम' के डंके बजवाकर स्वदेश में अपने झन्डे फहरा रहे हैं। किन्तु तथाकथित बाल योगेश्वर का तो सम्पूर्ण परिवार ही अवतारों का भंडार बना हुआ है। अभी तक जो भारत में अवतरित हुई महान् आत्माएं अकेले ही एक परिवार में जन्म ग्रहण करती थीं किन्तु अब 'उत्पादन वृद्धि' के इस युग में शायद अवतारों का भी 'मास स्केल' पर उसी प्रकार 'प्रोडक्शन' होने लगा है, जैसे कि एक ही बेल पर सीताफलों की रेलपेल हो जाती है।

अवतार के विश्वास और मान्यता के अनुसार मर्यादा रुपुषोत्तम श्रीराम एक युग में अवतार थे दूसरे में श्रीकृष्ण पूर्ण अवतार थे। और फिर ये दोनों अवतार जिन माता-पिता की संतान के रूप में जन्मे थे, उन्होंने तो कम से कम अपने अवतार होने की दावा कभी नहीं किया था। साथ ही उन अवतारों के उपासकों ने उनके माता पिता को अवतारों की श्रेणी में लाकर खड़ा नहीं किया। इसके विपरीत स्थिति सर्वथा अलग ही थी। हिरण्यकश्यप सरीखे नास्तिक के यहाँ परम आस्तिक एवम् प्रभुभक्त प्रह्लाद जन्मे थे तो रामभक्त विभीषण उस रावण के भाई थे जो मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का घोर विरोधी था। किन्तु कलिकाल में मानवता को निहाल करने वाले बाल योगेश्वर अपने परिवार में अकेले ही अवतार नहीं हुए हैं अपितु आपका तो पूर्ण परिवार ही अवतारों का भंडार बना हुआ है!

इस परिवार यानी कि 'अवतार प्रोडक्शन्स' फर्म के संस्थापक थे बाल

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

कलियुगी भगवानों का पूरा परिवार

उनके बड़े भाई श्री सत्यपाल चश्मा लगाए बैठे हैं। और उनकी माता भी दूसरी ओर बैठी है। श्री सत्यपाल जी बाल भगवान् हैं और इनकी माता जगत् जननी—देखा कमाल

योगेश्वर के दिवंगत पिता श्री हंस जी। वे भी मोर मुकुट और गल वैजयन्ती माल डाल हाथ में मुरली संभाल कर प्रेमी मंडली को 'गिरवर धारी' नहीं अपितु मुरली धारी बनकर दर्शन देते थे, और बड़े प्रेम से अपनी भक्तिनियों से यह गीत सुना करते थे

भक्ति का भरा भंडार नहीं
मेरा राधा जैसा प्यार नहीं
कहो कैसे मैं तुमको रिझाऊं रसिया

और जब गोपिकाओं से भाव विभोर होकर भक्तिनियां और भक्त इस गीत के अन्त में······'जरा ठुमकी लगा दो मेरे रसिया' की पंक्ति गुंजाते तो (धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र मासिक के नवम्बर अंक के अनुसार) "आप भावावेश में आकर नाच उठते थे। हृदय इस कदर द्रवित हो जाता था कि उन्हें अपने शरीर तक की सुध नहीं रहती थी। और वह समय कुछ क्षण के लिए वृन्दा-

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

वन के उस वातावरण में बदल जाता था कि जहाँ ग्वाल गोपिकाएं कृष्ण की रास लीला का आनन्द लिया करतीं थीं।"

खैर श्री हंस तो रास ही रचाते थे किन्तु उनके कुल दीपक श्री प्रेम पाल (बाल योगेश्वर) तो भक्तों के लिए पूर्ण अवतार और सद्गुरु देव भगवान ही बन गए हैं। इतना ही नहीं प्रेम पाल जी की माता जगत् जननी हैं तो उनके बड़े भाई श्री सत्यपाल भी बाल भगवान् है। उनका वर्णन भी धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र मासिक के नवम्बर के अंक में 'युग की दिव्यतम् विभूतियाँ' शीर्षक से प्रकाशित लेख में (इस मासिक के स्वामी स्वयं श्री सत्यपाल ही हैं) इन शब्दों में किया गया है:—

"......आनन्द के दाता होने के कारण भक्त समाज में आनन्द कन्द घन श्री बाल भगवान् के नाम से सम्बोधित किए जाते हैं। इनकी सौम्यता, सहन शीलता, गंभीरता और मधुर मुस्कान की झांकी जिस पर भी पड़ गई, बस वह निहाल हो गया। वे सत्त लोक के स्वामी हैं।"

इसी पर बस नहीं अपित श्री प्रेमपाल ("बाल योगेश्वर") के दूसरे भाई श्री महिपाल शंकर का अवतार बताए गए हैं। उनकी महिमा का वर्णन उपरोक्त लेख में इन शब्दों में किया गया है :—

"असुरों के पापों से बोझिल धरती का भार हरण हेतु संहार का प्रबल ताण्डव नृत्य खेलने वाले तथा अपनी अद्भुत मस्ती में लीन रहने वाले श्री महिपाल जी। आप दीनों पर दया करने वाले, भक्तों के कष्ट हरण करने वाले और सब प्रकार से समर्थ ईश्वर हैं......।

"...इन्हें सारी दुनिया श्री भोले भंडारी के नाम से विशेष जानती है।"

दिवंगत हंस जी के परिवार की ही एक और विभूति हैं श्री धर्मपाल जी। भला अवतारों के इस परिवार में यह कैसे पीछे रहते ? अतएव उनके रूप ऐश्वर्य का गुण गरिमा गान भी उसी लेखक के अनुसार जान लीजिए —

"..........इनके नयनाभिराम मुखकमल की मनोहर छवि करोड़ों मनोजों को लज्जित करती है। जो एक बार देख लेता है वह आपका हो जाता है। आप के हाव भाव, चाल ढाल विचार शैली एक राजा के गुणों से पूर्णतः मिलते हैं। उन्हें भक्त गण चक्रवर्ती राजा जी के नाम से पुकारते हैं। ये प्रजापति ब्रह्मा के अवतार हैं।"

इस अवतार मंडली का दावा है कि ३० लाख लोग इनके अनुयायी हैं। भक्तों को शान्ति रस का सोपान करानेवाले इस अद्भुत अपूर्व परिवार के पास मुरादनगर, ज्वालापुर आदि में प्रचुर सम्पदा भी बताई जाती है। हाल ही में आयोजित हुए जमावड़े के बाद दूसरा इसी प्रकार का सुविशाल जमावड़ा पटना में २४ से २६ दिसम्बर तक होने वाला है। भक्तों की मंडली जिस

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai
जम्बो जैट विमान में पधारी थीं, बताया जाता है कि उस चार्टर्ड विमान का किराया भी लगभग १० लाख रुपये चुकाया गया है। प्रचुर मात्रा में प्रचार साहित्य भी इस "भगवान् एण्ड भगवान्स प्रा० लिमिटेड" द्वारा प्रकाशित होता है और कई मासिक पत्रिकाएँ भी। इस सबके स्रोत का पता लगाना तो सरकार का ही कर्त्तव्य है।

यह सत्य है कि भारत के संविधान ने प्रत्येक को अपने विचारों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रदान की है। किन्तु इसके साथ ही उस पर यह दायित्व भी है कि वह दूसरे की अलोचना करने के अधिकार से वंचित न करें। अलोचना करना और समाचारों का प्रकाशन भी नागरिकों का मौलिक अधिकार है; इसकी अभिव्यक्ति का माध्यम समाचार पत्र ही हैं।

आज तक तो हम भारतीय संस्कृति की यही परम्परा सुनते आए हैं कि उसमें सहिष्णुता को एक महान् गुण माना गया। इस परम्परा में तो निन्दक नियरे राखिए और जीवन्ति में शत्रु गण सदैव का ही गीत मुखरित होता आया है। बाल योगेश्वर और उनके चेले भी तो इसी परम्परा के अनुयायी और रक्षक होने का दावा जताते हैं। किन्तु उनके द्वारा ही अपने सम्बन्ध में प्रकाशित समाचारों और अलोचना से घबराकर किसी समाचार पत्र के कार्यालय पर धावा बोलना और दूसरों को अपने मार्गपर लाने के लिए पथराव और हमलों का मार्ग अपनाना सर्वथा अशोभनीय है।

इस देश की संस्कृति में धर्म, संत और संतत्व की उपासना का अपना महत्व रहा। महान् भारतीय संस्कृति ने तो नागरिकों को भी उनके ज्ञान के आधार पर ऋषि कहकर सम्बोधित किया है। किन्तु आततायी बनकर भगवान का अभिनय करने वालों का इस देश का जन मानस नयी रचनाए नहीं कह पाया। उनकी दुकानें कुछ दिनों तक भले ही चमकींद-मकीं हों किन्तु अंततः वे जनता जनार्दन की घृणा के पात्र बने है। अतएव आवश्यकता है कि पाखन्ड खन्डिनी पताका को धारण कर विश्व के समक्ष वास्तविक आर्य धर्म और संस्कृति का सत्य स्वरूप प्रस्तुत करने के लिए निर्भीकतापूर्वक खड़े होने वाले देव दयानन्द के उपासक सक्रिय हों और दंभ और पाखण्ड के उठते हुए अम्बार और गुब्बार को हटाकर विभ्रान्त किन्तु जिज्ञासुजनों को वास्तविक धर्म का सोपान कराएं। आर्य जगत को इस चुनौती को स्वीकार करना होगा:—यदि उसमें तनिक भी प्राण है। क्या आर्य जनता कुछ सोचेगी।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

बादाम पाक

शरीर को स्वस्थ बनाता है

मूल्य १०० ग्राम —५)८०

मूल्य २०० ग्राम —११)००

बादाम तेल

मस्तिष्क के लिए अनुपम है।

आँतों की रुक्षता दूर करता है

मूल्य २५ मिली लीटर —६)५०

मूल्य ५० मिली लीटर —१२)५०

हरे आँवलों से निर्मित

च्यवनप्राश विशिष्ट

पुरानी खाँसी, निर्बलता व दमा आदि में विशेष लाभदायक है। यह पाक पुरानी खाँसी को शीघ्र ही आराम पहुंचाता है।

मूल्य २०० ग्राम —४)३०

मूल्य ४०० ग्राम —८)७५

केशर

असली केसर हम से प्राप्त करें

मूल्य २॥ ग्राम —६)८०

मूल्य १ ग्राम —२)९०

कस्तूरी

मूल्य छोटा पैकिंग--४१)००

मूल्य बड़ा पैकिंग--१०१)००

गुरुकुल कांगड़ी चाय

यह देशी जड़ी बूटियों का योग है। इससे नजला, जुकाम, गले की खरास दूर होकर स्फूर्ति आती है।

शीत ऋतु में सेवन कर शरीर पुष्ट करें

गुरुकुल कांगड़ी फार्मेसी हरिद्वार

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

गोमांस की हानियां

संसार में सबसे अधिक गोमांस का प्रचलन है। केवल इंग्लैंड में प्रतिवर्ष प्रति व्यक्ति औसतन १३० सेर गोमांस तथा मुर्गी का मांस खा जाता है। गाय के बछड़े को मांस के लिये तगड़ा बनाने के लिये पैदा होते ही मां से अलग कर एक बड़े हौदे के कठघरे में रख देते हैं। वहाँ हौदे की नली से उसे रासायनिक दूध पिलाते हैं। ६ से ८ हफ्ते तक ऐसी मशीनी माता से पोषण करा कर उसे सूई लगायी जाती है। फिर वह १०००-१५०० मील दूर तक जहाजों में भरकर भेजा जाता है। नये स्थान पर पहुँचकर उसे बधिया किया जाता है, दागा जाता है। सींग काट दिये जाते हैं। यह सब काम ३ मिनट में मशीन कर देती है। फिर उसे एक निश्चित वजन का बनाने के लिये रसायन भोजन दिया जाता है। गोमांस के कारखानों में १०,०००से १००,००० लाख तक पशु रक्खे जाते हैं। 'स्टीलवेस्ट्रोल' नामक दवा इन्हें सूई से तथा मुँह से दी जाती है और अब विज्ञान को यह देखकर बड़ी पीड़ा हो रही है कि ऐसे तगड़े बछड़ों के पेट में कैंसर का भयानक रोग पैदा हो जाता है। जज लूथर एम० स्विगर्थ ने अपने एक फैसले में लिखा है कि 'ऐसे ९० प्रतिशत बछड़ों को कैंसर होना सिद्ध है। अतएव विदेशों में गोमांस के विरुद्ध प्रतिक्रिया शुरू हो गयी है। गोमांस खाने वालों को कैंसर का रोग बहुत होने लगा है।'

डा० जान एन० एस० हाईटने सलाह दी है कि 'आज के युग में मांसाहार से अनेक रोग पैदा हो रहे हैं।' भारत में गला, सड़ा भोजन तो बुरा समझते हैं, पर उससे भी गन्दी चीज मांस के खाने में हिचक नहीं होती। इससे कैंसर, अँतडियों का सड़ना तथा स्नायविक रोग पैदा होते हैं। जो लोग धर्म की बात नहीं मानते शायद वे विज्ञान की बात मानकर माँसाहार छोड़ दें।

– परिपूर्णानन्द वर्मा

कर्म महिमावान है

झंझटों से ऊब करके भागना;
कर्म का, कर्त्तव्य की यह हार है,
स्वयं चुकने से न जो डरता तनिक
लोटता उसके चरण संसार है,
कर्म एक विहान है।
कर्म महिमावान है।

धैर्य और संकल्प मिल जुटते अगर,
सत्य होता कर्म का अभिषेक व्रत,
संकटों में जो कि जितना ही घुले,
स्वर्ण बन उतना चमकता वह सतत,
कर्म स्वयं प्रमाण है।

ऋद्धियां और सिद्धियां सब हैं सुलभ,
हाथ में हो शक्ति, मन में आस्था,
हृदय की यदि शुद्धता हो साथ में,
कर्म अनुपम दीप सुख की खान है।
कर्म महिमावन है।

—स्वर्ण किरण

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

वैदिक वाङ्मय और आर्थिक स्रोत

—आचार्य वैद्यनाथ शास्त्री

आर्य वाङ्मय में वेदों का मान्य स्थान है। इनमें अनेक ज्ञान, विज्ञान और अन्य उपयोगी विचारों का वर्णन मिलता है। बिना किसी मनःप्रसूत साम्प्रदायिक धारणा के इनका अध्ययन करने पर अध्यापक और अधीत तथा विचारक एवं अन्वेषक को ऐसी अनेक वस्तुयें इनमें मिलेंगी जो मानवीय ज्ञानागार के अमूल्य रत्न तथा विश्वजनीन उपयोग की सिद्ध होंगी। वर्तमान युग संसार में अर्थ का युग है। अब की दार्शनिक प्रक्रिया में भी अर्थ अपना स्थान पा रहा है। वस्तुतः संसार का ऐहिक वैभव अर्थ से रिक्त रह भी नहीं सकता। संसार में सरस्वती की रक्षा के लिए भी सदा लक्ष्मी की आवश्यकता रही और रहेगी भी। भूत भी इससे मुक्त नहीं और वर्तमान तथा भविष्य भी मुक्त नहीं हो सकते। मानव के राष्ट्रीय एवं सामाजिक जीवन में अर्थ ओतप्रोत हो रहा है। संसार में भूखा आदमी व्याकरण नहीं खाता और प्यासा आदमी काव्य रस नहीं पीता। सभी को इन द्वन्द्वों के निवारणार्थ अर्थ की आवश्यकता है। यही मुख्य कारण है कि मानव को प्रत्येक युग में अर्थ स्रोतों की खोज करनी पड़ी।

लेखक

वेद वाङ्मय के परिशीलन से आर्थिक स्रोतों का ऐसा वर्णन मिलता है—(१) कृषि कर्म (२) पशु पालन (३) उद्यम तथा (४) व्यापार। इनमें कृषि को बहुत महत्व दिया गया है। ऋग्वेद १०। ३४। ७ में वर्णन मिलता है कि द्यूत नहीं खेलना चाहिए, खेती करनी चाहिए। इसी प्रकार १। ११७। २१

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

में खेती करने की कला का वर्णन मिलता है। इसी प्रकार अन्यत्र हल जोतने, बीज बोने, हसिया चलाने आदि का भी वर्णन मिलता है। अथर्ववेद ८। १०। २५ में बतलाया गया है कि कृषि विद्या के विद्वानों द्वारा कृषि शिक्षण बराबर मिलते रहना चाहिए। श्रीमद्‌भागवत ४। १६। २३ में ऐतिहासिक वर्णन मिलता है कि पृतु वैन्य ने सर्वप्रथम जंगलों को उजाड़ कर ग्राम बसाये और भूमि को कृषि कर्म के योग्य बनाया। ऋग्वेद में करशफ और विशफ शब्दों का प्रयोग मिलता है। ये कृषि बल के पर्याय हैं। वर्षा और पृथ्वी को क्रमशः इनका पिता और माता कहा गया है। एक विशेष शब्द वेदों में मनुष्य के लिए कृष्टि मिलता है। इसका अर्थ है कृषि कर्म करने वाला। यह कृषि कर्म मानव सभ्यता के विकास का एक स्तम्भ है।

ऋग्वेद १। ११०। ५ तथा ८। ११। ५ में तथा अन्य वदिक ग्रन्थों में खेत के लिए उर्वर तथा क्षेत्र का साधारण प्रयोग मिलता है। खेत उपजाऊ और पड़ती दोनों प्रकार के होते हैं। उपजाऊ क्षेत्र को उर्वर और अनपस्वती कहा जाता है। अनुपजाऊ को ऋग्वेद १। १२७। ६ में आर्तना कहा गया है। खेतों की सीमायें निर्धारित करने का भी विधान ऋग्वेद में मिलता है। वेदों के अध्ययन से इस दिशा में एक बात यह मिलती है कि वर्तमान खेती के प्रकार लगभग वैदिक कृषि के प्रकार से मिलता जुलता है। अथर्ववेद ३। १७। ३ में हल की मूँठ को सुमतित्सरू कहा गया है। हल के लिये लाँगल और सीर शब्दों का प्रयोग है और फार के लिए फाल का प्रयोग देखा जाता है। वस्त्रा हल की रस्सी के लिए प्रयोग में आया है। हल में बैल और अश्व दोनों के जोतने का विधान मिलता है। हलवाह को कीनाश कहा गया है तथा हाँकने वाले चाबुक या पैंने को अष्ट्रा, तोद अथवा तोत्र शब्दों से व्यवहृत किया गया है। वैश्य वेदानुसार कृषि कर्म का कर्ता माना गया है और खाद के लिए गाय के गोबर का प्रयोग बतलाया गया है। फसल पक जाने पर अनाज का काटने वाले हंसिये के लिए ऋग्वेद १०। १०१। ३ में सृणि और ऋग्वेद ८। ७८। १० में दात्रं तथा यजु० में सृणि का प्रयोग है। इसी प्रकार अनाज की घूला के लिए पर्श और खलिहान के लिए खल १०। ४८। १० में प्रयुक्त है। अनाज की सफाई में प्रयुक्त होने वाले सूप और चलनी को सूर्य और तितउ तथा नापने वाले बर्तन को क० २। १४। ११ में ऊर्दर कहा गया है। अनाज की सफाई करने वाला ऋग्वेद की भाषा में वान्यकृत है तथा अनाज एकत्र करने के घर को स्थीवि का नाम दिया गया है। शतपथ ब्राह्मण में कृषि के चार मुख्य कर्म बतलाये गये हैं और वे हैं–कर्षण, वपन, लवन तथा मर्दन। इन्हीं को लोक में जोतना, बोना, काटना और मर्दन करना कहा जाता है।

कृषि कृष्टपच्या श्रौर अकृष्टपच्या दो प्रकार की मानी गई हैं। जो हल चलाकर पकायी जावे वह कृष्टपच्या और जो बिना वर्षा आदि में अपने आप

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

हो जावे वह अकृष्टपच्या कही गयी है। इसी प्रकार देवमातृक और अदेवमातृक भी नाम दिये गए हैं। वर्षा से होने वाली खेती देवमातृक और सिंचाई आदि से होने वाली अदेवमातृक है। वेदों में साधारणतया व्रीहियव का वर्णन मिलता है, बोये जाने वाले अनाजों में। परन्तु यजुर्वेद के २१ वें अध्याय में व्रीहि (धान) यव (जौ) मुद्ग (मूंग) माष (उड़द) गोधूम (गेहूँ) नीवार (जंगली धान) प्रियंगु (मसूर) श्यामाक (साँवा) और तिल आदि अनाजों का उल्लेख है।

तैत्तिरीय शाखा में काले और सफेद धानों में अन्तर बतलाया गया है। धान के मुख्य तीन प्रकार भी बतलाये गए हैं–कृष्णधान, आशु तथा महाव्रीहि। इनमें आशु नाम साठी नामक धान का है जो साठ दिनों में पक कर तैयार हो जाता है। फसलों के बोने की ऋतुएँ आज के समान ही पायी जाती हैं।

खेतों को हानि पहुँचाने वाले कीड़ों का भी वर्णन मिलता है। अथर्ववेद में उपक्वस, जम्य और पतग नामी कीड़ों का उल्लेख है। छान्दोग्य १–१०–१ में टिड्डियों के लिए मटची और मनुस्मृति में शलभ कहा गया है। मनु ने मनुस्मृति में अतिवृष्टि, अनावृष्टि, मूसिका और टिड्डियों को खेती में हानिकारक माना है।

खेतों की सिंचाई के लिए कूप और नदी के पानी का प्रयोग होना बताया गया है। नदियों से नहर भी निकालने का वर्णन है। खोद कर बनाये गये जलागारों को खनित्रिया और स्वाभाविक को स्वयंत्रा नाम दिया गया है। ऋग्वेद १०–१०५–१७ में कूप और १–५८–८ तथा १०--२५--४ में अवट का उल्लेख मिलता है। अवट का प्रयोग सूखे तालाब के लिए भी किया जाता है। नहर के लिए वेदों में कुल्या शब्द का प्रयोग मिलता है।

अथर्ववेद ३-१३ में नदियों से नहर खोदने का वर्णन है। इन नहरों के उद्घाटन का समारम्भ भी कौशिक सूत्र ४०–३–४ में वर्णित है। मोट और बड़ी मोटों के लिए कोष एवं दृति शब्द पाये जाते हैं। ये सिंचाई के काम में कूपों से पानी खींचने में प्रयुक्त की जाने वाली बतायी गयी हैं। ऋग्वेद ८–६७–१२ के अनुसार छोटी और बड़ी पानी की नालियाँ सूर्मि एवं सुषिरा हैं।

दूसरा आर्थिक स्रोत वेदानुसार पशुपालन है। यह भी जीवन निर्वाह का परम साधन तथा कृषि कर्म का महान् उपकारक माना गया है। भारतीय वार्ता शास्त्र के कृषि, पशुपालन और व्यापार मुख्य अंग हैं। पशुओं में गाय को वेदों में विशेष स्थान दिया गया है। यह अहन्तव्य मानी जाती रही और इसी लिए उसको अघन्या कहा गया है। गाय जहाँ दूध, दही, मक्खन, घी आदि का स्रोत है वहाँ इससे पैदा होने वाला बैल हल आदि के लिए उपयोगी है। यह गोधन भी धन सम्पत्ति की माप से गिना गया है। दक्षिणा और दान में वैदिक

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

दृष्टि से गाय का महत्व है। बहुत से स्थलों पर दक्षिणा शब्द ही गौ के अर्थ में वैदिक साहित्य में प्रयुक्त पाया जाता है। पशुओं के क्रय विक्रय से धन के एकत्र करने का वर्णन कई स्थलों पर मिलता है। एक, दो, दस नहीं सहस्रों गायों के रखने का विधान किया गया है। गौ के सताने वाले को अथर्ववेद में दंडाई बताया गया है। वैदिक काल में गाय का इतना ऊँचा महत्व केवल धार्मिक भावना से नहीं था बल्कि उसमें आर्थिक दृष्टिकोण भी समाया हुआ है। गायों को वैदिक संहिताओं में ऐश्वर्य और वैभव का साधन बताया गया है। तैत्तिरीय शाखा –७। ५। ३१ से परिज्ञात होता है कि गायों को तीन समय दुहा जाता था। प्रातः, दोपहर और सायंकाल। गायें चरने के लिए चरागाहों में भी भेजी जायँ ऐसा भी लिखा हुआ मिलता है। गायों के स्थानों के लिए ब्रज, गोष्ठ और शाला शब्द का प्रयोग देखने को मिलता है। ऋग्वेद १।१२०–८ में निदश दिया गया है कि समाज में किसी भी व्यक्ति को अनष्टपशुः (पशुरहित) नहीं रहना चाहिए। गायों की पहचान का वर्णन करते हुए उन्हें अष्टकर्णी, कर्करिकर्णी, वस्त्र कर्णी, स्थणाकर्णी और छिद्रकर्णी किस्मों की बतलाया गया है। गायें लाल, सफेद चित्रत और काले रंग की होती हैं, यह भी वर्णित मिलता है। गाय के विषय में कुछ विशेष उल्लेखनीय बातें निम्न प्रकार से वैदिक ग्रन्थों में मिलती हैं।

श्वेत गाय कर्की है। बच्चा देने वाली गाय को गृष्टि नाम दिया गया है। दुधारी गाय धेनु और बाँझ गाय स्तरी घतंष्टरी अथवा वशा है। बच्चा देकर बाँझ हो जाने वाली गाय को वेहत् संज्ञा दी गई है। जिस गाय के बछड़े मर जाने पर उसे मनाने के लिए दूसरे बछड़े की आवश्यकता पड़े उसे विनन्य-वत्सा "अभिवान्यवत्सा" अथावान्या कहा गया है। शतपथ २। ६। १। ६ और ऐतरेय ७-२ में वर्णन मिलता है। बैलों का उपयोग हल और गाड़ी खींचने में किया जाय ऐसा लिखा गया मिलता है। बैलों की भिन्न-भिन्न अवस्थाओं के परिचायक विविध शब्द वेदों और तत्सम्बन्धी साहित्य में देखने को मिलते हैं।

बैल के लिए साधारण शब्द फलम, वृषभ, उस्र तथा उस्रिय हैं। दुवमुँहे बछड़े को धरूण, डेढ़ साल के बछड़ों को त्र्यूदि, दो साल के बछड़े को दित्यवाह, ढाई वर्ष वाले को पंचालि, तीन साल वाले की त्रिवत्स, साढ़े तीन वर्ष वाले को तुर्यवाट् और चार वर्ष वाले को यष्ट-वाह कहा गया है। इसी प्रकार इन अवस्था वाली गायों को भी त्र्यवी, दित्यौही, पंचावी, त्रिवत्सा, तुर्यौही और यष्टौही नाम से संज्ञित किया गया है। युवा बैल को वृष गाड़ी खींचने में समर्थ बैल को अनडवांन् तथा बधिया बैल को महानिरष्ट संज्ञा दी गई है। गाय के अतिरिक्त अश्व, बकरी, मेषी, भैंस आदि अनेक पशुओं के पालन का विधान है।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

जिनमें हस्त कौशल और कारीगरी की विशेष आवश्यकता पड़ती है; ऐसे उद्यमों को भी कई प्रकार वेदों में पाया जाता है। तक्षा (बढ़ई) कर्मार (लोहार), वैद्य, कारू, कुम्हार, रथ बनाने वाले, मल्लाह तन्तुवाय आदि का उल्लेख अनेक स्थलों पर मिलता है। ऋग्वेद के ७–११२ सूक्त में स्वाभाविक प्रवृत्तियों का उत्तम वर्णन मिलता है। लोग अपनी प्रवृत्ति के अनुसार अपना पेशा चुन सकते हैं। ऐसा स्पष्ट परिज्ञात होता है। इस सूक्त में लिखा है– बढ़ई, टूटी वस्तु को चाहता है, वैद्य रोगी को, ऋत्विक यज्ञ में यजमान को, और कर्मार धनाढ्य की अपेक्षा रखता है। मैं स्वयं कवि हूँ, मेरे पिता वैद्य हैं, मेरी माता जीत पीसने वाली है। हमारे पेशे नाना प्रकार के हैं। परन्तु हम अपने अभीष्ट की ओर समान रूप से दौड़ रहे हैं।

बढ़ई लकड़ी के कार्य और नक्काशी के कार्यों को करने वाला है और रथकार रथ का बनाने वाला है। लोहार का उल्लेख ऋग्वेद १०–७२–२ और अथर्व ३–५–६ में किया गया है। इसको ध्मातृ कहा गया है। बुनकर का काम रूई को कातकर सूत बनाना और पुनः कपड़ा बुनना माना गया है। बुनकर का नाम ऋग्वेद १०--२६--६ में वासोवाय दिया गया है। वाय शब्द भी इसके लिए प्रयुक्त हुआ है। बुनकर के उद्यम से सम्बद्ध शब्दों का निम्न प्रकार से वर्णन मिलता है। तन्तु (ताना), ओतु (वाना) ऋग्वेद ६--९--२। तन्म (करघा) ऋग० १०--७१--९ प्राचीनतान आगे खींच कर बाँधा गया ताना--तैत्तिरीय ६--१--१--५ आदि। सूत को खूँटियों के सहारे से तानेन की प्रक्रिया का वर्णन वाजसनेयी शाखा १०--८० में दृष्टिगत होती है। बुनने में सहायक ढुरकी को ऋग्वेद १०--१३०--२ में तसर नाम दिया गया है। स्त्रियाँ भी बुनने का काम करें ऐसा वर्णन देखा जाता है। सूती कपड़े, रेशमी कपड़े और ऊनी वस्त्रों का वर्णन वेदों में दिखायी पड़ता है।

व्यापार की दिशा में भी पर्याप्त ज्ञान सामग्री हमें वेदों में मिलती है। अथर्व ४--७--६ में दूर्श (वस्त्र) पवस्त (चादर) और अजिन (चर्म) खरीदने का समुल्लेख मिलता है। व्यापार करने वाले वणिक कहे गये हैं और मूल्य के लिए शुल्क तथा वस्त्र शब्द का प्रयोग मिलता है। ऋग्वेद ४--२४--९ में भाव-ताव करने और उसमें किये हुए वायदे के न तोड़ने का संकेत किया गया है। बैल, घोड़े, ऊँट, गधे, भैंस आदि से माल ढोने और व्यापार करने की व्यवस्था भी वेदों में मिलती है।

सत्यार्थ-प्रकाश प्रकाशन हेतु आज ही अपनी सहायता भेजिए

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai
निक्सन [illegible] सत्य को फांसी दे सकता हूँ,
देखी मेरी महत्ता..................

गाजी पनडुब्बी डूब गई

क्या शत्रु लड़ेगा सागर में, गाजी पनडुब्बी डूब गई,
क्या शत्रु लड़ेगा अम्बर में, पाजी पनडुब्बी डूब गई,
था बड़ा शोर जिसका सुनते, घातक पनडुब्बी डूब गई,
हो गया गर्क उनका बेड़ा, गाजी पनडुब्बी डूब गई।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

दिल्ली में २५ दिसम्बर का श्रद्धानन्द समारोह,

हमने २४ और २५ दिसम्बर को राजधानी में दो जलूसों को देखा। एक में उत्साह था, आशा थी; जीवन था और था एक प्राण शक्ति का प्रदर्शन। यह जलूस २४ को निकला, जिसमें लाखों लोगों ने भाग लिया।

दूसरा जलूस निकला २५ दिसम्बर को श्रद्धेय शहीद स्वामी श्रद्धानन्द की स्मृति में, जिसमें और कुछ भी हो स्वामी श्रद्धानन्द की छाप नहीं थी। यह निष्प्राण जलूस देख कर ऐसा लग रहा था कि दिल्ली के नेता शायद अपनी निष्क्रियता का ढिंढोरा पीट रहे हों।

स्वामी श्रद्धानन्द के जलूस में इन्दिरा गाँधी जिंदाबाद के नारे और भुट्टो-निक्सन को गालियों के भजन सुनकर हमारा मन आर्य समाज के पतन का चित्र देख कर रो रहा था।

और उसके बाद हुई सभा में जो कुछ देखा, वह तो और भी विचित्र था। दर्जनों उच्च कोटि के विद्वानों के सभा में होते हुए भी उनकी उपेक्षा करके, आर्य समाज से अपरिचित्त व्यक्तियों के भाषण करवाना—एक भाषण कर्त्ता को तो यह भी पता नहीं था कि आज किसका बलिदान दिवस है। पहले **दयानन्द** फिर **विरजानन्द** और तब किसी के कहने से उन्होंने श्रद्धानन्द का नाम लिया।

न जोश, न होश, न गाँभीर्य, क्या हो गया है हमें समझ नहीं आता? अच्छा हो यदि आयोजक भविष्य में बुद्धि से काम लेकर आर्य समाज की हंसी न उड़वायें। भजन-नारे सभी पहले निश्चित कर लें। जो जिसके जी में आये बोले, ऐसा उचित नहीं। आर्य समाज के ठेकेदार बने इन नेताओं को यदि आर्य समाज का तनिक भी हित हो तो वे आत्म चिन्तन करें और दूसरों के जलूसों को भी देखें तब उन्हें पता लगेगा कि हम कहां खड़े हैं? वे सोचें कि अपने स्वार्थ के लिये वे आर्य समाज को कहां से कहाँ ले जा रहे हैं? वर्ष में एक बार राजधानी में प्रदर्शन श्रद्धानन्द-दिवस पर ही होता है। हमारी इच्छा है कि भविष्य में यह जलूस ऐसी शान से निकले कि राजधानी पर छा जाये।

हम अगले वर्ष इस जलूस और सभा को पूरे बल और शौर्य से मनाने का निश्चय करें। इसी लिये दिल्ली के नेताओं को जगाने की दृष्टि से यह पंक्तियाँ लिखी हैं। प्रभु उन्हें बुद्धि दें कि वे अपना दायित्व, समझ कर आर्य समाज के गौरव स्वामी श्रद्धानन्द तथा महान् गुरु दयानन्द की विजय पताका फहराने का निश्चय करें!

इसके लिये स्वार्थ और पदलिप्सा की भूख छोड़ कर क्या वे जीवन शक्ति का परिचय देंगे? क्या हम भी २४ दिसम्बर सा जलूस निकाल सकेंगे? इन प्रश्न चिन्हों का उत्तर क्या अगले वर्ष शानदार जलूस निकाल कर दिया जा सकेगा?

—राकेश रानी

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai



निक्सन-माम्रो की धमकियाँ भी भारत की प्रधान-मन्त्री की मुस्कराहट न मिटा सकीं।



ग्रौर यह है वह भारतीय नैट जिसने सैवर जैट को निकम्मा कर दिया।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

The Standard Materials Company

Narottam Building, Kapasia Bazar,
AHMEDABAD-2

Telephone : 22476
Telegram : "QUICK"

(Established 1927)

ELECTRICAL, MECHANICAL
&
TEXTLE ENGINEERS.

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

शिवकुमार गोयल

भेंट कलियुगी अवतारों से

राजधानी के एक प्रख्यात हिन्दी दैनिक के कार्यालय पर अपने को भगवान श्री राम व कृष्ण से भी महान् श्री कृष्ण व कल्कि भगवान का अवतार व सर्वशक्तिमान वताने वाले एक १३ वर्षीय वालयोगेश्वर के अनुयायियों द्वारा आक्रमण और तोड़-फोड़ किये जाने की घटना को सुन कर वरवस देश के कोने-कोने में फैले दर्जनों 'कलियुगी अवतारों' का पुण्य-स्मरण हो आया। 'दर्जनों अवतार ?' चौंकिये नहीं मैंने संख्या वहुत कम वतायी है, इस समय मेरे धर्मप्राण भारत में सौ से भी अधिक अवतार हैं। राम व कृष्ण अपने जमाने में भले ही अकेले थे किन्तु आज दर्जनों रामावतार, कल्कि अवतार, शिव के अवतार, महावीर हनुमान के अवतार, अश्वत्थामा के अवतार, यहाँ तक कि नेता जी सुभाषचंद्र वोस के अवतार तक इस धराधाम के उद्धार केलिए अवतरित होकर अपनी-अपनी लीलाओं में लीन हैं।

अवतारी पुरुषों के दर्शन बड़े दुलर्भ होते हैं, उन्हें दिव्य चक्षुओं से ही देखा जा सकता है, सतयुग द्वापर व त्रेता में ऋषि-महर्षियों को भगवान के दर्शनों के लिए लाखों-लाखों वर्ष तक तपस्या करनी पड़ती थी। भीषण ठंड में वे नंगे रह कर, त्याग तपस्या का जीवन व्यतीत कर घोर साधना करते थे तव जा कर प्रभु की उन पर कृपादृष्टि होती थी, किन्तु आज कलियुग है, अर्थात् यंत्रों व पैसे का युग। इस युग में सवसे वड़ी साधना और तपस्या 'पैसा' ही है। इस युग में भगवान के दर्शनों के लिए साधना और तपस्या की किंचित भी आवश्यकता नहीं, सात्विक व संयमित जीवन व्यतीत करने अथवा सत्य-असत्य धर्म-अधर्म और पाप-पुण्य के पचड़े में पड़ने की किंचित भी आवश्यकता नहीं। खूव खाओ, पीओ मौज उड़ाओ, झूठ वोल कर दिन-रात लोगों को ठगो, वलि के वकरों (गरीवों) के गले काटो, किंतु किसी भी एक 'कलियुगी अवतार' की शरण लेकर उसके चेले वन जाओ, उसे तन, मन, धन सर्मापित कर दो, अपनी संपत्ति अर्पित कर दो, स्वर्ग का प्रथम श्रेणी' का टिकट रिजर्व मिलेगा।

राम, कृष्ण, वुद्ध, महावीर अवतार अवश्य हुए थे किंतु मोक्ष के लिये उन्होंने इस प्रकार के कठोर नियम वनाये हुए थे कि आदमी जीवन भर सत्य, धर्म, न्याय व ज्ञान आदि की साधना में रह कर कठोर जीवन व्यतीत करता था, उसे धर्मशास्त्रों का गहन अध्ययन कर शास्त्रानुसार जीवन व्यतीत करना होता था, फिर भी उसे मोक्ष की गारंटी प्राप्त नहीं होती थी, आधुनिक व कलियुगी अवतारों में वह वात कदापि नहीं है, कि जब तक नियमों को ढीला कर सब प्रकार की छूट नहीं दी जायगी, धर्मशास्त्रों व ज्ञान के पचड़े को छोड़ कर केवल 'अंध विश्वास' व 'अंध श्रद्धा उत्पन्न नहीं की ज़ायगी तब तक इस

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

भौतिक कलियुग में स्वर्ग के अभिलाषियों को आकर्षित करना असंभव है ।

गीता, उपनिषद् और वेद-शास्त्रों आदि में अवश्य ही ज्ञान प्राप्ति को मोक्ष का साधन बताया गया है, किंतु ये धर्मग्रंथ पुराने व पिछड़े हुए जमाने के लिए थे, आज के आधुनिकतावादी युग में ज्ञान नहीं, अंधविश्वास मोक्ष का साधन है, अंधविश्वास ही वह सीढ़ी है जिस पर चल कर कलियुगी मानव कलियुगी अवतारों की शरण में पहुँच कर स्वर्ग का रास्ता पकड़ सकता है, चमत्कार अंधविश्वास का प्राण है अतः चमत्कारिक घटनाओं का प्रचार करके ही लोगों के हृदय से ज्ञान के भूत को भगा कर अंधविश्वास को बिठाया जा सकता है, अतः हमारे सभी कलियुगी अवतारों ने इस सत्य को अपना कर 'ज्ञान-खंडनी पताका' फहराने के लिए 'अंधविश्वास फैलाओ' अभियान चलाया हुआ है। वे वेद, उपनिषद्, गीता, महाभारत आदि धर्म-शास्त्रों व ज्ञान के अन्य स्रोतों व आस्था से विश्वास समाप्त करने का पहला कार्य करते हैं ।

क्या आपने भगवान शिव के दर्शन किये हैं ? हरिद्वार में मुझ से भगवान् शिवके एजेंट ने पूछा । भगवान् के एजेंट के शब्द पर आप चौंक गये ? चौंकिये नहीं, आज के युग में एक छोटे से व्यवसाय से ले कर बड़ी-बड़ी कंपनियों तक को एजेंटों की आवश्यकता होती है । बिना एजेंटों के न किसी संस्था का काम चल सकता है न किसी राजनीतिक दल व नेता का । जब ऐरे-गैरे नत्थू-खैरों को छोटी-छोटी दुकानों के पास एजेंट उपलब्ध हैं तो फिर सर्वशक्तिमान अवतारों के पास भला एजेंट कैसे न हों ? जब दिल्ली से बंबई तक पहुँचाने वाली हवाई जहाज कंपनी के पास एजेंट हैं तो फिर भूलोक से स्वर्गलोक तक पहुँचाने वाली 'अवतार स्वर्गलोक कंपनी' को एजेंटों की जरूरत न हो यह कैसे हो सकता है ?

हमने सोचा कि इससे अच्छा मौका क्या मिलेगा ? घर बैठे ही गंगा आ गई है । एजेंटजी से परामर्श कर हम उनके साथ-साथ चल दिये । रास्ते में फलों की दुकान देखकर कहा कि भगवान् को भेंट करने के लिए कुछ फल ले लें । वे बोले—नहीं, आगे शुद्ध देशी घी की मिठाई की दुकान है । वहाँ से मिठाई ले लेना । भगवान् शंकर 'पहले शंकर की तरह कोई फल-फूल थोड़े ही खाते हैं ?'

खैर, हम एक किलो मिठाई लेकर भगवान् के धाम की ओर चल दिये । भगवान् का एजेंट आगे था और हम पीछे-पीछे । एक शानदार कोठी आने पर हमें संकेत मिला कि 'शिवधाम' आ चुका है । हम यंत्रवत पीछे-पीछे चलते हुए एक कमरे में पहुँच गए ।

एजेंट महोदय हमें कमरे में बिठा कर शंकर निवास में प्रविष्ट हो गये । एक घंटे की प्रतीक्षा के बाद आदेश मिला कि भगवान् ने दीक्षा व दर्शनों को

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai



अपने-अपने को कलियुगी अवतार बताते हुए संघर्षरत

बुलाया है। हम उत्सुकता से अंदर कमरे में जा पहुंचे।

हमने अपने चर्म चक्षुओं (ज्ञान चक्षु नहीं) से देखा कि सामने एक कीमती सोफे पर कोट-पैंटधारी (सूटिड-बूटिड) व्यक्ति बैठा सिगार में कस लगा रहा है। सामने की कुर्सी पर हम बैठ गये। हमारी उत्सुक आंखें भगवान् के दर्शनों की प्रतीक्षा में बेचैन थीं कि शिवदूत (एजेंट) ने हमें संकेत किया कि तुमने भगवान् का चरण स्पर्श नहीं किया?

'भगवान् शंकर? मुझे तो उनके दर्शन नहीं हो रहे?'—'अरे ये ही तो साक्षात शंकर हैं।' उसने सिगार का धुआं उड़ाने वालेकी ओर देखकर कहा। मैं आश्चर्यचकित 'आधुनिक वेशभूषा में सूट-बूटधारी 'शंकर' को देखता ही रह गया।'

'क्षमा करें! भगवान् शंकर, तो जटाजूटधारी, शरीर पर भस्म रमाने वाले कहे जाते हैं।' मैंने धृष्टता करते हुए कहा।

युग के अनुसार भगवान् को भी तो वेशभूषा में परिवर्तन करना होता है। —शंकरदूत (एजेंट)ने शंका समाधान किया। भगवान् शंकर के उस कलियुगी अवतार को देखकर मेरा तार्किक व बुद्धिवादी व्यक्तित्व जागृत हो उठा। मैंने अवतार को ही संकेत कर कहा कि 'क्या आप स्वयं को भगवान् शंकर का

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

अवतार मानते हैं ?'

'मानना क्या, यह तो विश्व जानता है कि मैं साक्षात शंकर हूँ।'

आप भगवान् के अवतार होकर इस प्रकार अंग्रेजी वेशभूषा में क्यों रहते हैं ? सिगार आदि का प्रयोग क्यों करते हैं ?

'यह तो मेरी व्यक्तिगत पोशाक है। जब मैं सार्वजनिक दर्शन देता हूँ तो दूसरी पोशाक होती है।'

'भगवान् शंकर धतूरा तथा अन्य विषैले पदार्थों का प्रयोग करते थे। उनके गले को भयंकर विषधर सुशोभित करते थे। यदि आप शंकर के अवतार हैं तो क्या विषपान कर सकते हैं ? क्या सर्पों की माला धारण कर सकते हैं ?'

मेरी इस शंका ने शंकर व उसके एजेंट को उत्तेजित कर दिया। वे दोनों बड़बड़ाये—'नास्तिक', अज्ञानी तेरी यह गुस्ताखी कि भगवान् से मुंहजोरी ? इसी बीच अंदर से ८-१० पुरुष व महिलाएं आवाज सुनकर कमरे में आ पहुँचे।

'मानता है कि नहीं, कि ये शंकर के साक्षात अवतार हैं ?' एजेंटों ने लाल आंखें कर कहा।

'यदि ये भगवान् आशुतोष शंकर की तरह विषपान कर दिखा दें तो अभी स्वीकार कर लूंगा'— मैंने तर्कपूर्ण उत्तर दिया।

'ज्यादा मत मुंह खोल। वरना भगवान् तीसरा नेत्र खोल कर भस्म कर देंगे—एजेंट व अन्य शंकर भक्तों व भक्तिनियों ने मुझ पर दया कर समझाने का प्रयास किया।

मैं भगवान् शंकर के दर्शन करता हुआ उनके तीसरे नेत्र से भस्म हो कर मुक्त हो जाऊं इससे बड़ा सौभाग्य और क्या होगा ?

—अज्ञानी बालक ! तू हमें भी अपने साथ भस्म करायेगा—शिव-शिव-शिव—एक महिला ने मुझे पुनः समझाया व डराया।

किन्तु मैंने गीता का स्मरण करते हुए साहस कर कहा कि जब तक ये विषपान नहीं करेंगे। मैं इन्हें शंकर कदापि नहीं मान सकता। वरना ये मुझे तीसरे नेत्र का ही चमत्कार दिखायें।

मुझे तर्क पर डटा देख कर भगवान् शंकर खीझ उठे तथा मुझे सायंकाल तक मर जाने का शाप देकर अपने धाम से दूसरे कमरे में चले गये। उनके भक्तों ने अंतिम तुक्का छोड़ा—देखना बेटा, शाम तक यह शरीर नहीं रहेगा।

प्रयाग कुम्भ के अवसर पर एक पोस्टर लगा हुआ था—बहादुरगंज में अवतार सम्मेलन। अपने राम, किसी सच्चे अवतार की खोज में थे ही, अतः बहादुरगंज जा पहुँचे।

वास्तव में देखा कि मंच पर विचित्र वेशभूषा वाले अवतारों का जमघट लगा हुआ है।

मंच पर लगभग २० अवतार विराजमान थे, उन्होंने एक-से-एक चम-

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

चमाते रेशमी वस्त्र व सिरों पर तरह-तरह के मुकुट धारण किये हुए थे, 'संयोजक जी ने परिचय देना प्रारम्भ किया' उन्होंने जैसे ही एक अवतार की ओर इशारा करके कहा कि ये...भगवान् श्रीकृष्ण का अवतार होने का दावा करते हैं कि मंच पर से मुकुट धारी युवक उठा और क्रोध से बोला—यह कृष्ण का अवतार कैसे हो सकता है ? कृष्णावतार तो मैं हूँ, इसी बीच पहले वाले कृष्णावतार ने चुनौती दी, तू नकली अवतार है, असली तो मैं ही हूँ। उन दोनों की नोक-झोंक के साथ ही मंच के सामने बैठे दोनों के अनुयायी भी शोर मचा कर आपस में गुत्थम-गुत्था में लग गये।

मरा पत्रकार व्यक्तित्व चुप न बैठ सका- मैंने मंच के पास आकर कहा—आप दोनों गालियां देने व शोर मचाने के बदले यदि अपना सुदर्शन चक्र संभाल कर उसका प्रयोग करें तो जो नकली होगा, उसका संहार हो जायगा, असली कृष्णावतार की विजय पताका फहरा जायगी। मेरे इस अमूल्य सुझाव पर उन्होंने कोई ध्यान ही नहीं दिया तथा गंवारों की तरह एक दूसरे को गालियाँ बकते रहे, हां उनके अनुयायी अवश्य मार-पीट में लगकर एक-दूसरे के सिर फोड़ने लगे। देखते ही देखते खून बहने लगा, कई भक्त व भक्तिन घायल हो गये, किंतु मंच पर खड़े भगवानों ने उनकी रक्षा की चिन्ता ही नहीं की, मंच पर हनुमान के तीन अवतार, और शंकर के छह अवतार भी उपस्थित थे, किंतु वे कृष्ण के अवतारों को देखने व उनके भक्तों का सिर फुटव्वल देखने का मजा लूट रहे थे।

इसी बीच किसी नास्तिक ने पुलिस को संघर्ष की सूचना दे दी। पुलिस से भरी चार जीपों ने अवतार-स्थलों को घेर लिया। चार अवतार तो अपने मुकुट मंच पर ही छोड़ कर किसी तरह छिपकर रणछोड़ का रूप बना कर भाग निकले। १६ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अवतारों के अनुयायियों में से भी अधिकांश में भगदड़ मच गयी। घायलों को अवश्य हिरासत में ले लिया गया।

वास्तव में कलियुगी अवतारों की महिमा अपरम्पार है। भारत में तो अवतारों की वाढ़ सी आयी हुई है। एक-एक ही शरीर में तीन-तीन अवतारों ने प्रवेश किया हुआ है। एक छोटा वालक अपने पिता की तरह अपने को भगवान् कृष्ण के साथ-साथ कल्कि भगवान् का भी अवतार बताता है। कभी वह श्रीकृष्ण की तरह मोर-मुकुट वंसरी धारण कर भक्तों को दर्शन देता है तो कभी घोड़े पर चढ़ कर हाथ में तलवार लेकर कल्कि अवतार का स्वांग भरता है। कभी-कभी सूट बूट में भी अपने भक्तों को दर्शन देकर कृतकृत्य करता है। उसके कई भाई भी भगवान् के अवतार हैं तथा माता जगत जननी।

एक सर्वधर्म समन्वयवादी अवतार भी इसी धराधाम पर अवतरित हैं। वे जहाँ अपने को भगवान् कृष्ण का अवतार बताते थे वहाँ मुसलमानों का पैगंबर, इसीलिए वे सिर पर इस प्रकार की पगड़ी पहनते थे कि जिसके आधे भाग में मुकुट था तो दूसरी ओर तुर्की टोपी।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

मुक्त ढाका की कहानी

नई दिल्ली, ढाका और बंगला के लिए अन्धकारपूर्ण युग अब समाप्त हो गया। ढाका नगर से हरा और सफेद पाकिस्तानी झण्डा अवगायब हो गया है और इसके स्थान पर पहरा रहा है धर्म निरपेक्षता और लोकतंत्र का प्रतीक बंगला देश का ध्वज, जो यह घोषणा कर रहा है कि धूर्ततापूर्ण द्विराष्ट्र का सिद्धांत अब मर चुका है।

३६३ वर्ष पुराने ढाका नगर के लिए प० पाक की सेना के आत्म समर्पण से एक अध्याय समाप्त और दूसरे अध्याय का आरंभ हुआ है।

सम्राट् अकबर के जनरलों ने १५७५ में जब पूर्वी बंगाल को विजित किया था उस समय प्रांत की राजधानी ढाका से ३२ किलोमीटर पूर्व में सोनार गाँव में थी। जहाँगीर के शासनकाल में शेख सलीम चिस्ती के पौत्र जनरल इस्लाम खान ने प्राँत की राजधानी सोनार गाँव से ढाका में स्थानांतरित की थी।

१८६६ में ईस्ट इण्डिया कंपनी ने ढाका में अपनी फैक्टरियाँ लगा कर मुगल नवाबों के साथ साथ स्वयं भी इस प्रांत की जनता का शोषण आरम्भ कर दिया और यहाँ का चावल, पटसन, चाय विदेशों को ले जाने लगे। इन्होंने ढाका के जगत् सुप्रसिद्ध मलमल उद्योग को अपने स्वार्थ के कारण तहस-नहस करके रख दिया।

अंग्रेजों ने प्रांतीय राजधानी के राष्ट्रीय संग्राम में ढाका क्रांतिकारी गतिविधियों का प्रभुत्व केन्द्र बन गया जिसके परिणामस्वरूप अंग्रेजों ने यहां भारी दमन किया। श्री अरविन्द ने यहां पर ही मातृभूमि की मुक्ति के अपने संघर्ष की योजना बनाई थी।

इतिहास ने फिर करवट बदली और देश विभाजन के पश्चात् पश्चिम पाकिस्तानियों ने पुनः यहां की जनता का शोषण आरम्भ कर दिया। शहीद सुहरावर्दी जैसे लोगों ने प० पाक के नेताओं के विरुद्ध विद्रोह के विरुद्ध आवाज उठाई।

बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान के नेतृत्व में इस संघर्ष ने विशाल रूप धारण कर लिया तथा गत दिसम्बर के आम चुनाव में जनता ने उनका जबर्दस्त बहुमत ले समर्थन किया। आपने बंगला देश को मुक्त कराने का निश्चय व्यक्त किया और आज बंगला देश मुक्त है।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

१४ दिन की लड़ाई में हमनेक्या खोया क्या पाया ? आकड़ों की जवानी

१४ दिन के भारत-पाक युद्ध में दोनों पक्षों की जितनी क्षति हुई है, आंकड़ों की जवानी उसका दिवरण इस प्रकार है :

	पाकिस्तान	भारत
अधिकृत प्रदेश	५० वर्गमील	१४०० वर्गमील
नष्ट विमान	८४	८५
नष्ट टैंक	२४४	७३
नष्ट युद्धपोत	४	१
नष्ट पनडुब्बी	२	...
नष्ट	१६	...
नष्ट छोटे जहाज	१२	...

हताहत भारतीय सैनिक

	पूर्व	पश्चिम
मृत	१०२१	१२८६
घायल	२०१५	३२४८
लापता	८९	२०७४
कुल	४०२५	६६०८

विषेष विवरण इस प्रकार है—

हमने जिन क्षेत्रों को खोया

१. मुन्नवर तवी के पश्चिम का क्षेत्र, जो देश के दक्षिण में है तथा जिसके पश्चिम में युद्ध-विराम रेखा तथा दक्षिण में अन्तर्राष्ट्रीय सीमा है।
२. हुसैनीवाला में सतलज के पश्चिम का छोटा इलाका।
३. फाजिलका से ७-८ मील पश्चिम पक्का गांव का इलाका सबुनी नदी तक।

हमने पाकिस्तान के जिन इलाकों पर कब्जा किया—

(१) कारगिल की करीब ४० चौकियों, (२) टिथवाल और उड़ी क्षेत्र में कई पाक चौकियों और लिपा घाटी का बहुत बड़ा इलाका। (३) पुंछ-नसौरा क्षेत्र में युद्ध विराम रेखा के उस पार की कुछ ऊँची पाक चौकियों। (४) अखनूर में चिकनलेक का पूरा इलाका। (५) जम्मू क्षेत्र में कुछ पाक सीमा चौकियां। (६) शकगढ़ जफारवाल के इलाके में तहुत बड़ा क्षेत्र। (७) रावी नदी के दक्षिण डेराबावा नानक इनक्लेव। (८) अंजना, अमृतसर, खेमकरन, फिरोजपुर, मामदोत और फाजिलका क्षेत्र में कई सीमा चौकियां। (९) रौनकपुर, रनहल, विजनोर और कुछ अन्य सीमा चौकियां। (१०) पाक सीमा के अन्दर ४ से ८ मील तक जैसलमेर, इस्लामगढ़, मनखानवाला की कई चौकियां। (१०) बाड़मेर और कच्छरेल्नोर का नया छोड़ तक इलाका। इसके अलावा दाउवेद सहित बाड़मेर-सिंध और कच्छसिंघ की सीमा पर कई पाक चौकियां।

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

नवोदित बंगला देश के राष्ट्रपति शेख मुजीब की ओर आज सारा बंगला देश आशा भरी आंखों से देख रहा है। देखें वे कब स्वतंत्र होते हैं।

सत्यार्थ प्रकाश प्रकाशन के लिए

उदारता से अपनी

एक दिन की आय भेजिए

महर्षि दयानन्द को विजय पताका फहराने के लिए अधिक से अधिक सहयोग देकर

"दयानन्द-संस्थान" को शक्तिशाली बनाइए

—भारतेन्द्र नाथ
संचालक

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

दयानन्द संस्थान का ७२वां पुष्प

ओ३म्

वैदिक-जीवन-पद्धति

VEDIC-LIFE

—अनुवादक—

डा० रत्नचन्द्र शर्मा एम.ए.

अध्यक्ष हिन्दी संस्कृत (संस्कृत-हिन्दी-इंग्लिश) M.O.L. Ph.D.

विभाग दयालसिंह कालिज (करनाल)

—प्रकाशक—

जन - ज्ञान - प्रकाशन

नई दिल्ली-५

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

समर्पण

राय साहिब चौधरी प्रतापसिंह जी की दिवंगता माता श्रीमती कौड़ी बाई की पुण्य स्मृति में सादर समर्पित।

Dedicated to the memory late Shrimati Kauri Bai, mother of Rai Sahib Choudhry Pratap Singh ji

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

विषयानुक्रमणिका

१- विषय-प्रवेश	(Introductian)	८
२- ज्येष्ठ ब्रह्म को नमस्कार	(Homage to Supreme Brahma)	२६
३- सृष्टि-रचना से पूर्व	(Before creation of the world)	३६
४- सृष्टि-रचना	(Creation of the world)	४३
५- पुरुष सूक्त (समाज व्यवस्था)	(Universal Soul)	४४
६- पृथिवी और उस की प्रार्थना	(Prayer of Earth)	५२
७- आश्रम धर्म	(Division of life into periods)	५७
८- ब्रह्मचर्य	(Celibacv)	५७
९- व्रत की दीक्षा	(Self-dedication and consecration)	६०
१०- ब्रह्मचारी द्वारा सरस्वती आराधना	(Prayer of Saraswati by the Brahmchari)	६०
११- शिवसंकल्प	(Good will)	६४
१२- भद्रालक्ष्मी	(Auspicious wisdom)	६७
१३- गृहस्थ श्रश्रम		६९
(क) पतिदेवनम्	a- (Wedded bliss)	
(ख) गार्हपत्य	b- (House holder's life)	
१४. धर्मपूर्वक धन की प्राप्ति	(Right way to wealth)	८२
१५- विविध व्यवसाय	(Various vocations)	८३

माघ संवत् २०२८

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

१६- पारिवारिक और सामाजिक अनुकूलता	(Family & Social Concord)	६१
१८- गृहस्थ और गौएं	(The house holders & cows)	६७
१९- धनान्नदान	(Support of the needy with wealth and food)	६६
२०- आरोग्य	(Health)	१०३
२१- न्यायानुकूल जीवन	(To live by Law)	१०५
२२- वीरभावना	(Heroic attitude towards life	१०७
२३- अभय भावना	(Freedom from fear)	१०८
२४- आदर्श क्षत्रिय शासक	(The Ideal Kshatriya King))	११०
२५- युद्ध में विजय	(Victory in battle)	११२
२६- सम्मिलित नेतृत्व	(United Leadership)	११५
२७- आध्यात्मिक नेतृत्व	(Spiritual Leadership)	११६
२८- सभा और समिति	(The Assembly)	११७
२९- राष्ट्रीय आभ्युत्थान	(National Prosperity)	१२०
३०- शान्ति, मित्रता, प्रसन्नता और तेज के लिए प्रार्थना	(Prayer for peace, amity, happiness and energy)	१२१
३१- यज्ञ की भावना	(Spirit of Sacrifice)	१३०
३२- वैदिक रहस्यवाद	(Vedic Mysticism)	१३१
३३- मृत्यु	(Death)	१४०
३४- परलोक [स्वर्ग]	(Heaven)	१४३

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

विषय-प्रवेश

वेद हिन्दुओं के सर्वाधिक सम्मान्य, सर्वाधिक प्रामाणिक और परम पवित्र धर्मग्रन्थ तो हैं ही, इसके साथ ही वे विश्ववाङ्मय के भी सर्वप्रथम और सम्मानित ग्रन्थ हैं तथा ज्ञान के भण्डार हैं। हिन्दू उन्हें वैदिक-सनातन धर्म के मूलाधार एवं ईश्वरीय ज्ञान स्वीकार करते हैं जो परवर्ती समस्त वैदिक तथा अवैदिक (लौकिक) साहित्य के प्रेरणास्रोत हैं। "वेदोऽखिलो धर्ममूलम्"[1] कह कर मनु महाराज ने इसी तथ्य की ओर संकेत किया है। अन्यत्र मनु महाराज ने वेद को चारों वर्णों, तीनों लोकों, चारों आश्रमों, भूत, भविष्य और वर्तमान सभी के ज्ञान का आधार बताते हुए कहा है—

> **"चातुर्वर्ण्यं त्रयो लोकाश्चत्वारश्चाश्रमाः पृथक्।**
> **भूतं भव्यं भविष्यच्च सर्वं वेदात्प्रसिध्यति॥"[2]**

सांख्य, योग, वेदान्त, वैशेषिक और पूर्वमीमांसा दर्शनों में वेदों को स्वतः-प्रमाण बताया गया है और नित्य स्वीकार किया गया है। स्वामी दयानन्द सरस्वती ने आर्यसमाज के नियमों में तीसरे नियम के रूप में लिखा है—"वेद सब सत्य विद्याओं का पुस्तक है। वेद का पढ़ना-पढ़ाना और सुनना-सुनाना सब आर्यों का परम धर्म है।" डाक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन् ने भी वेदों को 'शाश्वत' तथा 'स्वतःप्रमाण' बताया है।[3] "ब्राह्मणास्तेन वेदाश्च यज्ञाश्च विहिताः पुरा"[4] अर्थात् "सृष्टि के आरम्भ में ब्रह्म से ब्राह्मणों, वेदों और यज्ञों की सृष्टि की गई" कह कर भगवान् श्री कृष्ण ने भी गीता में वेदों की नित्यता और स्वतः प्रामाणिकता का समर्थन किया है।

ब्राह्मण, आरण्यक, उपनिषद्, स्मृतिग्रन्थ, दर्शनशास्त्र, रामायण, महाभारत, पुराण आदि सभी धर्मग्रन्थों में वेदों का महत्त्व स्वीकार किया गया है और

१. मनु स्मृति २/६
२. मनु स्मृति १२/९७
३. Indian Philosophy, vol II
४. गीता १७/२३

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

उन्हें ईश्वरीय ज्ञान के प्रतिपादक ग्रन्थ बताया गया है। स्वयं अनेक वेदमन्त्रों में वैदिक संहिताओं को परब्रह्म से प्रादुर्भूत कहा गया है और उनकी अपौरुषेयता तथा महिमा का प्रतिपादन किया गया है। महात्मा बुद्ध, शंकराचार्य, गोस्वामी तुलसीदास, सूरदास, महात्मा कबीर, गुरु नानकदेव, स्वामी दयानन्द सरस्वती, डॉक्टर राधाकृष्णन्, श्री अरविन्द घोष आदि भारतीय महापुरुषों, विद्वानों और महाकवियों एवं श्री ज़रथुस्त (पारसी मत के प्रवर्तक), लावी (अरबी कवि), मैक्समूलर, डॉ० एल्फ्रेड रस्सेल वैलेस, श्री मोरिस फिलिप, प्रोफेसर हीरन, श्रीमती व्हीलर विलैक्स आदि पाश्चात्य महापुरुषों और विद्वानों ने वेदों के प्रति अगाध श्रद्धा का भाव व्यक्त किया है और उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा की है।[1]

जहां तक वेदों में प्रतिपादित विषयों का सम्बन्ध है, भारतीय विद्वानों का कहना है कि इनमें ज्ञान, कर्म और उपासना; यज्ञ, योग और साधना; धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष; ग्रहण और त्याग; प्रेय और श्रेय; भौतिक, दैविक और आध्यात्मिक; मानवीय जीवन और उसके उन्नायक सभी प्रकार के आचार-व्यवहार आदि संकेतपूर्वक अथवा विस्तारपूर्वक प्रतिपादित हैं। वेदों के श्रद्धालु प्रशंसकों का तो कहना है कि कोई भी ऐसा मानवीय जीवन से सम्बद्ध भौतिक अथवा आध्यात्मिक विषय नहीं है जिसका वेदों में प्रतिपादन नहीं है, चाहे वह प्रतिपादन सांकेतिक रूप में ही हो। वेदों के विषयों पर विचार करते हुए स्वामी दयानन्द सरस्वती ने उन्हें चार भागों में विभक्त किया है—(१) विज्ञान, (२) धर्म, (३) उपासना और (४) ज्ञान। विज्ञान से अभिप्राय है समस्त विश्व का विज्ञान अर्थात् परब्रह्म परमेश्वर से लेकर कीट-पतंग और तृणादि तक सभी पदार्थों का ज्ञान। भारतीय दर्शनशास्त्र और आध्यात्मिक चिन्तन इसी से सम्बन्धित हैं। धर्म का अर्थ है शारीरिक तथा मानसिक, सकाम तथा निष्काम सभी प्रकार का धर्म। वेदों में इन सभी के सम्बन्ध में उपदेश दिया गया है और मानवीय जीवन के सभी पहलुओं पर, आचार-व्यवहार पर और सभी प्रकार की आवश्यकताओं पर वे सूत्रात्मक, सांकेतिक अथवा विस्तृत भाव व्यक्त किये गये हैं जो जीवन को पूर्ण बनाने में सहायक हो सकते हैं।

---

१. देखिये लेखक की पुस्तक 'धर्मग्रन्थावलोकन' पृ० १४-२६

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

ब्रह्मचर्य, शिक्षा-प्राप्ति, गुरु शिष्य-सम्बन्ध, गृहस्थ धर्म, समाज व्यवस्था, राजनीति, शासन व्यवस्था, परोपकार, सहकारिता आदि सभी विषयों का प्रतिपादन वेदों में विद्यमान है। इनके अतिरिक्त इन सभी प्रकार के कार्यों में शारीरिक तथा मानसिक एवं ज्ञान तथा क्रिया के समन्वय की प्रवृत्ति पर ज़ोर दिया गया है। धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष चारों की उपलब्धि के लिए वेद आदेश देता है। 'उपासना' का अर्थ है ईश्वर का सान्निध्य प्राप्त करना। वेदों में विश्व के रचयिता, रक्षक और संहर्ता ब्रह्म (परमात्मा) की उपासना पर बहुत बल दिया गया है। उसके सान्निध्य की उपलब्धि ही मोक्ष है। वेदों का चौथा विषय है 'ज्ञान'। 'वेद' शब्द का अर्थ ही है—'ज्ञान'। वेद भौतिक और आध्यात्मिक दोनों प्रकार के ज्ञान के भण्डार हैं। ज्योतिष, गणित, वैद्यक, शरीर रचना विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जीव विज्ञान आदि का मूल वेदों में ढूंढ़ा जा सकता है। आचार्य वैद्यनाथ शास्त्री ने अपनी पुस्तक 'साइंसिज़ इन दि वेदाज़' में आधुनिक विज्ञान की सभी शाखाओं को वेदों में सिद्ध करने का प्रयास किया है। प्रसिद्ध अमरीकन विदुषी श्रीमती व्हीलर विल्लैक्स ने वेदों में विज्ञान को स्वीकार करते हुए लिखा है—"भारत वेदों की भूमि है जो न केवल जीवन को पूर्ण बनाने वाले उच्च धार्मिक विचारों से ही परिपूर्ण है, वरन् उन तथ्यों से भी युक्त है जिन्हें विज्ञान ने सत्य सिद्ध किया है। ऐसा प्रतीत होता है कि विद्युत् (Electricity), रेडियम, इलैक्ट्रोन, वायुयान आदि सभी से वैदिक ऋषि परिचित थे।" श्री अरविन्द घोष का कहना है कि "वेद में अन्य वज्ञानिक सत्य भी हैं जिनका अभी तक आधुनिक विज्ञान को भी ज्ञान नहीं।" श्री जैकोलियट का कहना है कि "वेद ही एक ऐसी पुस्तक है जिसके विचार आधुनिक विज्ञान के अनुकूल हैं।"

वस्तुतः आधुनिक विज्ञान के मूल तत्त्व वेदों में उपलब्ध हैं। आधुनिक विज्ञान का मूल आधार विद्युत् शक्ति है। वैदिक विज्ञान का मूल आधार प्राण शक्ति है जो कि विद्युत् शक्ति की अपेक्षा अधिक व्यापक है। विद्युत् शक्ति भी प्राणशक्ति का ही एक भेद है, परन्तु इस प्रकार के अनेक भेद प्राणशक्ति में समाविष्ट हैं। वह प्राणशक्ति विश्व में यज्ञ के रूप में प्रवृत्त है। देवता, ऋषि, पितर, गन्धर्व, असुर आदि जिनका मन्त्रों और ब्राह्मणों में स्थान-स्थान पर संकेत मिलता है, विश्व-यज्ञ के परिचालक हैं। 'यज्ञ' शब्द 'यज्' धातु से व्युत्पन्न

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

होता है जिसका अर्थ पाणिनि ने देवपूजा, संगतिकरण और दान लिखा है। इन अर्थों के अनुसार प्राणरूप देवताओं की पूजा अर्थात् उनका प्रसादन करना यज्ञ है। संगतिकरण अर्थात् दो तत्त्वों को मिलाकर एक नया तत्त्व बनाना भी यज्ञ है और सम्पूर्ण विश्व में समस्त पदार्थों में जो आदान-प्रदान अर्थात् लेन-देन की प्रक्रिया चल रही है वह भी यज्ञ है। इस विश्व-यज्ञ के प्रमुख परिचालक देवता हैं—अग्नि और सोम। "अग्नीषोमात्मकं जगत्" कह कर ब्राह्मण में इसी तथ्य की ओर संकेत किया गया है। इनमें से 'अग्नि' को अत्ता अथवा अन्नाद (अन्न खाने वाला) कहा गया है और 'सोम' को अन्न बताया गया है। अग्नि नित्य सोम को खाता रहता है और अपने रूप में परिणत करता रहता है। इसी को अग्नि पर सोम की निरन्तर आहुति पड़ना कहा गया है। उदाहरण रूप में सूर्य एक महाविशाल अग्निपिण्ड है जो निरन्तर प्रज्वलित रहता है। उसमें से अनन्त तेज अथवा अग्नि समस्त ब्रह्माण्ड में फैलती रहती है, परन्तु इतनी अग्नि को निरन्तर प्रसृत करने पर भी सूर्य क्षीण नहीं होता, क्योंकि "सोमेनादित्या बलिनः" के अनुसार उस पर अनन्त सोम की आहुति पड़ती रहती है और वह सोम निरन्तर अग्निरूप में परिणत होता रहता है। यही अग्नि-प्रक्रिया समस्त पदार्थों में बराबर चल रही है। इसी प्रकार पृथ्वी, जल आदि की विभिन्न अवस्थाओं का प्रतिपादन वेदमन्त्रों में देखा जा सकता है। वर्तमान विज्ञान जल में हाइड्रोजन और ऑक्सीजन का योग मानता है। वैदिक विज्ञान में उसे अग्नि और सोम का योग बताया गया है। यह भेद केवल भाषागत भेद है, तात्त्विक रूप से दोनों बातें एक ही तत्त्व को सिद्ध करती हैं। आधुनिक विज्ञान में यह स्वीकार किया गया है कि अब तक जो सौ से भी अधिक तत्त्व आविष्कृत हुए थे वे मौलिक नहीं हैं। मौलिक तत्त्व केवल दो हैं—इलैक्ट्रोन और प्रोटोन। इन्हीं दो के विलक्षण संयोग से भिन्न-भिन्न तत्त्व बनते हैं। यह भी प्रायः सिद्ध हो चुका है कि ये दोनों तत्त्व भी मूलतः एक ही तत्त्व के विकास हैं। इस दृष्टि से आधुनिक विज्ञान उस एकतत्त्ववाद पर आ पहुंचा है जिसका समर्थन वेद और भारतीय दर्शन करते हैं। परन्तु वेद और भारतीय दर्शन जिस एक तत्त्व का निरूपण करते हैं, आधुनिक विज्ञान अभी वहां तक नहीं पहुंच पाया। इलैक्ट्रोन और प्रोटोन की निर्धारित की गई परि-भाषाओं के अनुसार एक अणु स्थित है और दूसरा उसके चारों ओर निरन्तर

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

घूमता है। शतपथ ब्राह्मण में वेदों से सृष्टि की उत्पत्ति का वर्णन करते हुए स्पष्ट रूप में बताया गया है कि 'यजुः' 'यत्' और 'जुह्' दो शब्दों के योग से बना है। 'यत्' का अर्थ है निरन्तर 'चलनशील' और 'जुह्' का अर्थ है स्थिर। इन दो तत्त्वों से ही सृष्टि की रचना हुई है। वहीं इन दोनों तत्त्वों का नाम वायु और आकाश भी दिया गया है। ईथर का उल्लेख भी इसी सम्बन्ध में किया जा सकता है। सभी वैज्ञानिक अभी इस पर एकमत नहीं हैं, परन्तु वेद में इन्द्र के जो चौदह नाम बताये गये हैं उनमें से एक ईथर भी है। विद्युत्-शक्ति भी इन्द्र का ही रूप है। इस संक्षिप्त विवेचन के आधार पर कहा जा सकता है कि आधुनिक विज्ञान का मूल स्रोत वेदों में खोजा जा सकता है और कुछ विद्वान् इस पर कार्य कर भी रहे हैं।

वेद मन्त्रों के सामान्यतः तीन-तीन अर्थ किये जा सकते हैं—(१) आधिभौतिक, (२) आधिदैविक और (३) आध्यात्मिक। परन्तु विद्वानों की धारणा है कि तीन प्रकार के अर्थ तीन प्रकार की अर्थ-श्रेणियां हैं जिनके अन्तर्गत शब्दों के यौगिक अर्थ करते हुए राजनीतिपरक, समाजपरक, विज्ञानपरक आदि अर्थ भी किये जा सकते हैं और किये गये हैं। आचार्य यास्क ने निरुक्त में वैदिक शब्दों के यौगिक अर्थों पर बल दिया है और अग्नि, इन्द्र, गौ, जातवेदाः, वैश्वानर आदि शब्दों का अनेक दृष्टियों से निर्वचन किया है और विभिन्न अर्थ बताये हैं। आचार्य सायण ने यज्ञपरक आधिभौतिक और आधिदैविक अर्थ किये हैं। स्वामी दयानन्द सरस्वती ने आध्यात्मिक और आधिदैविक अर्थों पर जोर दिया है। पं० जयदेव शर्मा ने अनेक सूक्तों के राजनीति और राज्यव्यवस्थापरक अर्थ किये हैं। पं० श्रीपाद दामोदर सातवलेकर ने शब्दों के यौगिक अर्थों पर बल दिया है और उनका सरलार्थ दिया है। यूरोपीय विद्वानों ने अधिकतर आचार्य सायण का अनुकरण किया है। कुछ एक सूक्तों के विज्ञानपरक अर्थ भी किये गये हैं। इस प्रकार कहा जा सकता है कि वेद-मन्त्रों के विभिन्न दृष्टियों से अर्थ किये जा सकते हैं।

उपर्युक्त अर्थों अथवा अर्थश्रेणियों में से चाहे किसी भी दृष्टि से वेदमन्त्रों का अर्थ किया जाये, आचार्य यास्क के एवं अन्य नैरुक्तों के इस सिद्धान्त को अवश्य ध्यान में रखना चाहिए कि वेदों में प्रयुक्त सभी संज्ञा और विशेषण यौगिक शब्द हैं। इस लिए वेद-मन्त्रों में जो शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञाओं के रूप में

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

प्रयुक्त किये गये हैं, वे ऐतिहासिक संज्ञाएं नहीं हैं, बल्कि सामान्य यौगिक शब्द हैं जो उनके मूलभूत धातुओं के अर्थ के अनुसार विभिन्न अर्थ रखते हैं। इसी लिए वेदों के भारतीय विद्वानों का कहना है कि वेदों में इतिहास नहीं है। आचार्य यास्क ने निरुक्त में देवापि, शन्तनु, विश्वामित्र, वसिष्ठ आदि ऐतिहासिक प्रतीत होने वाली व्यक्तिवाचक संज्ञाओं के और गायत्री, उष्णिक्, अनुष्टुप् आदि छन्दों के भी विभिन्न निर्वचन किये हैं और यौगिक अर्थ बताये हैं। ऐसे शब्दों के आधिभौतिक, आधिदैविक अथवा आध्यात्मिक अर्थ किये जा सकते हैं। निरुक्त तथा ब्राह्मणग्रन्थों में ऐसे अर्थ देखे जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त वेदों के व्याख्याताओं एवं पाठकों को यह बात भी ध्यान में रखनी चाहिए कि वैदिक भाषा तथा संस्कृत भाषा में प्रयुक्त शब्दों के अर्थ में बड़ा अन्तर है। निम्नलिखित कुछ शब्द इस तथ्य को भली भांति पुष्ट कर सकते हैं :—

शब्द	संस्कृत में अर्थ	वेद में अर्थ
१. न	नहीं	नहीं, समान
२. गिरि	पर्वत	पर्वत, मेघ
३. समुद्र	सागर	सागर, पर्वत
४. गौ	गाय, पृथ्वी, इन्द्रिय, किरण	गाय, गाय का चमड़ा, गौ का दूध, पृथ्वी, इन्द्रिय, सूर्य की किरण, धनुष की मौर्वी, सूर्य, वाणी आदि।
५. अग्नि	आग	आग, ईश्वर, शक्ति
६. व्रत	व्रत, उपवास	उपवास, कर्म, अन्न
७. नभ	आकाश	सूर्य, आकाश
८. स्वः	स्वर्ग	सूर्य, आकाश, स्वर्ग
९. नाक	स्वर्ग	सूर्य, आकाश, स्वर्ग
१०. अहि	सांप	सांप, मेघ
११. उपल	पर्वत, पत्थर	मेघ, पर्वत
१२. पर्वत	पर्वत	मेघ, पर्वत

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

शतपथ ब्राह्मण में यजुर्वेद के तेरहवें अध्याय के ५४, ५५, ५६, ५७ और ५८ मन्त्रों की व्याख्या करते हुए विश्वामित्र, जमदग्नि, भरद्वाज, अत्रि, अंगिरा, विश्वकर्मा आदि व्यक्तिवाचक संज्ञाएं प्रतीत होने वाले शब्दों के व्युत्पत्ति-जनित अर्थ दिये गये हैं और कहा गया है, वसिष्ठ का अर्थ है 'प्राण'; भरद्वाज का 'मन' ; विश्वामित्र का 'कान' ; जमदग्नि का 'आंखें' ; अंगिरा का 'प्राण' ; विश्वकर्मा का 'वाणी' आदि । आचार्य यास्क ने 'कण्व' शब्द का निर्वचन करते हुए कहा है कि 'कण्व' अत्यन्त मेधावी व्यक्ति को कहा जाता है । स्वामी दयानन्द सरस्वती ने 'ऋग्वेदादि भाष्य भूमिका' में 'गंगा', 'यमुना' और 'सरस्वती' शब्दों का क्रमशः अर्थ किया है—'इडा', 'पिंगला' और 'सुषुम्ना' । ये वे नाड़ियाँ हैं जिनका योगसमाधि में साक्षात्कार किया जाता है एवं जिनका योग सम्बन्धी ग्रन्थों में उल्लेख है ।

वेदमन्त्रों का अर्थ करते हुए और वेद के विषयों की विवेचना करते हुए इस बात को भी ध्यान में रखना चाहिए कि वेद ईश्वरीय ज्ञान होने के नाते, ऋषियों द्वारा साक्षात्कृत उदात्त धर्म होने के नाते और मानव जन्म के साथ ही आविर्भूत होने के नाते मानव मात्र के लिए है । अन्य धर्मों, मतों और सम्प्रदायों की धार्मिक पुस्तकों के समान किसी मत विशेष अथवा सम्प्रदाय विशेष के लिए नहीं है । अतः उसकी शिक्षाएं मानवमात्र के लिए हैं, किसी मत अथवा सम्प्रदाय विशेष के लिए नहीं । सम्भवतः इस लिए भी ऋषियों ने वेदमन्त्रों के सामान्य रूप से ही आधिभौतिक, आधिदैविक और आध्यात्मिक तीन-तीन अर्थ करने का निर्देश किया था । कई मन्त्रों के तो आठ-आठ दस-दस तक अर्थ किये गये हैं । यदि हम प्रत्येक मन्त्र के आधिभौतिक, आधिदैविक और आध्यात्मिक अर्थ नहीं कर पाते अथवा नहीं कर पाये तो वह हमारी अल्पज्ञता का दोष है, वेदमन्त्रों का दोष नहीं है । हमें स्वाध्याय द्वारा अपने वेद-विषयक ज्ञान को बढ़ाना चाहिए । तैत्तिरीयोपनिषद् में इसीलिए ऋषि ने शिक्षा-प्राप्त कर घर लौटने वाले शिष्यों को दिये गये उपदेश में स्वाध्याय पर सबसे अधिक बल दिया है । इसलिए वेदमन्त्रों की व्याख्या इस ढंग से नहीं की जानी चाहिए कि वे किसी मत अथवा सम्प्रदाय विशेष से सम्बद्ध सिद्ध हों । वेदों को हिन्दुओं अर्थात् भारतीय आर्यों के प्रमुख धर्मग्रन्थ कहा जाता है, और ऐसा कहकर उन्हें केवल हिन्दुओं से सम्बद्ध किया

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

जाता है, परन्तु इसका मुख्य कारण यह है कि भारतीय ब्राह्मणों ने सभी प्रकार का त्याग करके वेदों की सुरक्षा की है और यह ब्राह्मणों की ही देन है कि आज हमें वेद उसी रूप में उपलब्ध हैं जिस रूप में उनका आविर्भाव हुआ था। वेद ही विश्वसाहित्य के वे धर्म ग्रन्थ हैं जिनमें किसी प्रकार का प्रक्षेप नहीं हो सका है। इसी कारण से ब्राह्मणों को यह गौरव प्रदान किया गया है और उनका नाम वेदों और वैदिक धर्म के साथ जोड़ा गया है। बौद्ध, जैन आदि मत इसी दृष्टि से वेदों को ब्राह्मणों के ही धर्मग्रन्थ बताते हैं। परन्तु वस्तुतः ब्राह्मणों के अथवा हिन्दुओं के धर्मग्रन्थ होने पर भी वेद मानव मात्र के धर्मग्रन्थ हैं और उनमें मानव के जीवन को मंगलमय बनाने के लिए आदर्श, सिद्धान्त और उपदेश निहित हैं।

वेद के सूक्तों तथा मन्त्रों के विभिन्न संकलन तैयार किये गये हैं जिनमें संकलयिताओं ने विभिन्न दृष्टिकोणों को सामने रखा है, परन्तु एक ऐसे संकलन की आवश्यकता निरन्तर बनी रही है जिसमें ऐसे मन्त्रों को संग्रहीत किया जाये जो मानवीय जीवन से सीधा सम्बन्ध रखते हों और जीवन-यापन के लिए मार्गदर्शन करते हों। प्रस्तुत लेखक का यह संकलन इसी दिशा में उठाया गया कदम है। इसमें लगभग अढ़ाई सौ मन्त्र हैं जो ऋग्वेद, यजुर्वेद और अथर्ववेद में से संग्रहीत किये गये हैं। उनका हिन्दी और इंग्लिश में अनुवाद दिया गया है। व्याख्या करने का प्रयास नहीं किया गया। ऐसा इस लिए किया गया है जिससे पाठकों के सामने मूल मन्त्र और उनका अर्थ प्रस्तुत हो ताकि वे स्वयं उनके आधार पर चिन्तन कर सकें और लेखक की व्याख्या के अनुसार सोचने-विचारने पर विवश न हों। फिर भी इस बात को ध्यान में रखा गया है कि संग्रहीत मन्त्र मानवीय जीवन के सारे पहलुओं पर प्रकाश डालें। इसी दृष्टि से ईश-स्तुति, जगत् की उत्पत्ति, समाज-निर्माण, सामाजिक वर्गीकरण, जीवन के स्तर (आश्रम), ब्रह्मचर्य और छात्रावस्था, मानसिक पवित्रता, विवाहित जीवन और गृहस्थ, पति-पत्नी के कर्त्तव्य, विविध व्यवसाय, पारिवारिक और सामाजिक शान्ति और सामञ्जस्य, शासकों के कर्त्तव्य, मातृ-भूमि का अभिनन्दन, वैदिक रहस्यवाद, मृत्यु आदि विषयों से सम्बन्धित मन्त्रों का संकलन किया गया है।

भारतीय विचारकों द्वारा मानवीय जीवन के लक्ष्यों पर विचार करते हुए

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

उनका दो प्रकार से वर्गीकरण किया गया है—लक्ष्यचतुष्टय की दृष्टि से और साधन त्रितय की दृष्टि से। लक्ष्यचतुष्टय की दृष्टि से मानव-जीवन के चार लक्ष्य हैं—(१) धर्म, (२) अर्थ, (३) काम और (४) मोक्ष। साधनत्रितय की दृष्टि से मानवीय जीवन को मंगलमय बनाने के तीन साधन हैं—(१) ज्ञान (२) कर्म और (३) उपासना। इनमें से पहले वर्गीकरण के अनुसार मानव-जीवन का प्रथम लक्ष्य धर्म की प्राप्ति अर्थात् धर्मानुकूल जीवन का निर्माण है। दूसरा लक्ष्य धर्मानुकूल धन का कमाना है और तीसरा लक्ष्य धर्मानुकूल काम अर्थात् धर्मानुकूल वैवाहिक कामोपभोग है। इन तीनों की प्राप्ति को धर्मशास्त्रों में त्रिवर्ग-फल-प्राप्ति कहते हैं जिसे किसी भी जाति और किसी भी वर्ण का व्यक्ति वेदानुकूल धार्मिक जीवन व्यतीत करते हुए प्राप्त कर सकता है। मोक्ष प्राप्ति का विधान सबके लिए नहीं है उसे उसके अधिकारी ही प्राप्त कर सकते हैं। परन्तु उसके लिए भी वेद मुख्य सहायक है। साधनत्रितय की दृष्टि से मानवीय जीवन की सफलता एवं पूर्णता के लिए सर्वप्रथम ज्ञान अपेक्षित है। उसके पश्चात् तदनुकूल धार्मिक कर्मों का अनुष्ठान होना चाहिए और अन्तिम साधन है उपासना, अथवा भगवद्भक्ति। 'उपासना' शब्द का व्युत्पत्ति जनित अर्थ है 'निकट बैठना' अर्थात् ईश्वर की निकटता प्राप्त करना। इसके लिए ईश्वर की स्तुति, प्रार्थना, भक्ति आदि अनिवार्य है। लक्ष्यचतुष्टय की प्राप्ति अथवा साधनत्रितय की प्राप्ति ही मानव जीवन को सफल एवं पूर्ण बना सकती है। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि वेद मानवीय जीवन के अभ्युत्थान के समर्थक हैं और उसकी पूर्णता के लिए पथप्रदर्शन के साथ-साथ पथ-निर्माण भी करते हैं।

प्रस्तुत संकलन में मन्त्रों का क्रम इस ढंग से रखा गया है कि लक्ष्यचतुष्टय एवं साधनत्रितय दोनों दृष्टियों से ठीक रहे तथा उसमें यथासम्भव मानवीय जीवन के सभी पहलू आ जाएं। विषयानुक्रमणिका से ही इस तथ्य का संकेत मिल सकता है।

इससे पूर्व कि मैं इस वैदिक संकलन का उपसंहार करूं, मैं रायसाहब चौधरी प्रतापसिंह जी के प्रति आभार व्यक्त करना अपना कर्तव्य समझता हूं, क्योंकि उन्हीं की प्रेरणा से मैं यह संग्रह तैयार कर सका हूं। मैं उन पूर्व-संकलयिताओं का भी, जिनमें सर्वश्री ए. सी. बोस, ब्रह्ममुनि, पी. पीटर्सन,

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

ए. ए. मैक्डानल आदि सम्मिलित हैं, हृदय से आभारी हूं जिनके वैदिक सूक्त-संग्रहों और वेद-मन्त्र-संग्रहों से मैंने सहायता प्राप्त की है। 'जन ज्ञान' प्रकाशन के संचालक श्री भारतेन्द्रनाथ जी का भी मैं आभारी हूं जिन्होंने मेरे इस संकलन को प्रकाशित करना सहर्ष स्वीकार कर लिया।

विनीत—
रत्नचन्द्र शर्मा

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

INTRODUCTION

The Vedas are not only the most esteemed, authentic and sacred books of the Hindus but are also the first and foremost books of the world-literature. They are the repositories of knowledge. The Hindus regard them as the books of divine knowledge as well as the root of Vedic-Sanātana religion. They are the main source of all the succeeding literature, Vedic as well as classical. Manu says : "वेदोऽखिलो धर्ममूलम्" *i.e.* Veda is the main source of all Law. By saying so Manu has referred to this fact. At an other place Manu has pointed out that the Vedas are the bases of all the four varnas (castes or classes) ; three lokas (worlds) ; four ashrams (periods of life) ; present, future and past :

"चातुर्वर्ण्यं त्रयो लोकाश्चत्वारश्चाश्रमाः पृथक् ।
भूतं भव्यं भविष्यच्च सर्वं वेदात्प्रसिध्यति ।"

(Four castes, three worlds and four periods of life,
the past, the present and the future—all are
accomplished by Veda.)

Sānkhya, Yoga, Vedant, Vaisheshik and Pūrvamimānsā propound that the Vedas are self-evident and eternal. Swami Dayanand Saraswati, in the third of his ten principles of Arya Samaj, says, "Vedas are the scriptures of all true knowledge. It is the first duty of all Aryas to study them, teach them, recite them and hear them being read." Dr. Sarvapalli Radhakrishanan has called the Vedas 'eternal' and 'valid in themselves'. Lord Krishna has also upheld 'eternity' and 'validity in themselves' of the Vedas and has said in the Gita : "ब्राह्मणास्तेन वेदाश्च यज्ञाश्च विहिताः पुरा" *i.e.* "In the beginning of the world He created Brahmans, Vedas and sacrifices."

The Brahmanas, the Aranyakas, the Upanishads, the

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

Smritis, the Darshans, the Ramayan, the Mahabharat, the Purāns etc. all the religious books lay emphasis on the importance of the Vedas and acknowledge them as to be the books ascertaining divine knowledge. Many mantras (verses) of the Vedas themselves describe Vedic Samhitas as having been manifested by Para-Brahman and as such not created by any human being. They sing the dignity and elation of the Vedas. Indian dignitaries, scholars and poets like Buddha, Shankarāchārya, Tulsidās, Sūrdās, Kabir, Nanak, Dayanand Saraswati, Dr. Radhakrishnan, Arvind Ghosh etc. and foreign dignitaries and scholars like Zarathustra (Zoroaster; Founder of Zoroastrianism), Lavi (Arabian poet), Max Muller, Dr. Alfred Russel Wallace, Rev. Morris Philip, Prof. Heeren, Mrs. Wheeler Willax etc. have expressed their reverence for the Vedas and have praised them again and again.

As for as the subject matter of the Vedas is concerned, Indian scholars hold that the Vedas teach in short or in detail jnan (knowledge), karma (action) and upāsanā (worship); yajna (sacrifice), yoga (union with Supreme Soul by means of contemplation) and sādhanā (devotion); dharma (righteousness), artha (wealth), kāma (desires) and moksha (salvation); grahan (reception) and tyāga (renunciation); preyas (agreeable) and shreyas (auspiciousness); bhautik (material), daivik (relating to gods, divine) and ādhyatmik (spiritual); human life and means of its progress and evolution etc. Staunch devotees of the Vedas go to the extent of saying that there is nothing pertaining to human life, material or spiritual, which has not been referred to in the Vedas. Discussing the subject matter of the Vedas Swami Dayanand Saraswatī remarks that they treat of four classes of subjects, *viz.* (*i*) Vijnāna (philosophy or metaphysics), (*ii*) Karma (action in general), (*iii*) Upasanā (communion with God) and (*iv*) Jnāna (knowledge in general). Vijnān or metaphysics means realisation of all things from the Almighty God to the ordinary blade of grass and tiny insects. Indian

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

philosophy and metaphysical studies deal with this subject. Karma means all sorts of action (activities), physical or mental, with or without a desire of any reward. The Vedas teach all these and explain in short or in detail all aspects and needs of human conduct which may be helpful in making the human life cultured and sublime. Celibacy, education, relation between the teacher and the taught, married life, social order, politics, administration and discipline, governance, charity and benevolence, co-operation etc. all have been explained in the Vedas. Besides, stress has been laid on unity between physical and mental actions as well as knowledge and action. The Veda instructs for the attainment of all the four objects of life *viz.* righteousness, wealth, fulfilment of desires and salvation. Upasana means communion with the Almighty God. The Vedas have laid stress on the worship of God, the creator, preserver and destroyer of the universe. The attainment of his nearness is salvation. The fourth subject matter of the Vedas is knowledge. The Vedas are the store-houses of knowledge of two sorts *viz.* material and spiritual. The origin of Astronomy, Mathematics, Medical Science (Ayurveda), Physics, Botany, Zoology etc. may be found in the Vedas. Acharya Vaidya Nath Shastri has tried in his book 'Sciences in the Vedas' to find all the branches of modern science. Mrs. Wheeler Willax (an eminent American lady), admitting the existence of sciences in the Vedas, remarks : "We have all heard and read about the ancient religion of India. It is the land of the great Vedas, the most remarkable works containing not only religious ideas for a perfect life, but also facts which all the science has since proved true. Electricity, Radium, Electrons, Airships all seem to be known to the seers who found the Vedas." Shri Arvind says : "There is nothing fantastic in Dayanand's idea that Veda contains truth of science as well as truth of religions. I will even add my own conviction that Veda contains the other truths of a science the modern world does not all possess". Mr.

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

Jaccolliot says : "The Hindu Revelation (Veda) is of all revelations the only one whose ideas are in perfect harmony with Modern Science, as it proclaims the slow and gradual formation of the world."

In fact, the seeds of modern science exist in the Vedas. The basis of modern science is 'Electricity' but the basis of Vedic science is 'Life-force' which is more pervasive than electricity, because electricity is itself a part of 'Life-force' which has many other similar parts. Life-force pervades this universe in the form of Yajna *i.e.*, sacrifice.[1] Deities, seers, manes, gandharvas, asuras etc. that have been referred to in the mantras and Brahmans are the organisers of Vishva-Yajna *i.e.*, the world sacrifice. The word 'Yajna' is derived from the 'Yaj' which, according to Panini, means 'to worship', 'to interconnect' 'to intercommune' and 'to give' or 'to offer'. According to these meanings of the 'Yaj' worship of the deities in the form of breath of life or accomplishment and perfection of vital airs of life may be regarded as Yajna. Similarly the creation of a new element by means of interconnection or intercommunion of two elements is also a 'Yajna'. Thus intercommunion of various elements in the universe forms a part of 'Yajna'. The chief organiser deities of Vishva-Yajna *i.e.*, universal sacrifice are Agni and Soma. "This universe is made by Agni and Soma" says Brahman. By saying so it has referred to the same fact. Of the two Agni is said to be devourer of food while Soma is food. Agni is always eating Soma and is transforming it into its own form. Metaphorically it is said that oblation of Soma is incessantly being offered to Agni. For instance, the sun is a grand fire (Agni) which is burning unintermittently and is diffusing infinite energy and light throughout the universe. But inspite of diffusing so much

1. In English the word 'sacrifice' is used as synonym of the word 'Yajna' but it does not express the correct sense of 'Yajna'.

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

energy and light the sun is never enfeebled and diminished, because the oblations of Soma are incessantly streaming into it and are being transformed into fire. Verifying this the Brahmana says "The sun is empowered by Soma." This very process of fire *i.e.* Agni, is working in all the objects of Nature. Similar explanations as regards the formation of earth, water etc. in their different forms may be traced in the Vedas. According to modern science, water is produced by the combination of Hydrogen and Oxygen. Vedic science regards it the combination of Agni and Soma. Essentially both these indicate the same process of the same elements. The difference lies only in language. Modern science admits that more than hundred elements that have been invented so far, are not rudimentary. Rudimentary elements are only two, *viz.* Electron and Proton. All other elements develop from the queer combination of these two rudimentary elements. It has also been proved that both these elements are originally two developed forms of a single element. Thus modern science has arrived at the doctrine of Monotheism which the Vedas and Indian philosophy have all along been emphasising. But Monotheism, as propounded and explained by the Vedas and Indian philosophy, is still to be attained by modern science. According to the definitions of Electron and Proton the former rotates while the latter remains comparitively motionless. Shatpath Brahmana has derived the word 'Yajuh' from 'Yat' and 'jūh' which indicate the meaning 'moving incessantly' and 'motionless' respectively. The world, according to Shatpatha, has been developed from these two elements, *viz.* 'Yat' and jūh'. In the same book these two elements have been referred to as 'Vayu' and Akāsh'. Ether may also be referred to here. The scientists are not of one and the same opinion about it. But the Vedas refer to fourteen Indras and one of them may be Ether. Electricity is also a form of Indra. This brief discussion leads us to the conclusion that the origin of modern

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

science may be traced in the Vedas and some scholars are already working on this topic.

Ordinarily Veda-mantras have three meanings—(*i*) ādhibhautika *i e.* materialistic, (*ii*) ādhidaivika *i.e.* relating deities and (*iii*) ādhyātmika *i.e.* relating to Supreme Spirit. But the scholars are of the view that these three meanings are, in fact, three types or classes of meanings which, in accordance with the etymological meanings of the words derived from their roots, may suggest even such meanings as are concerned with statecraft, social order, science etc. Accepting Yaugic method of interpreting Vedic words etymologists have given such interpretations. Yāska in his Nirukta has emphasised the Yaugic method of interpreting Vedic words, has proclaimed that all the Vedic words are derived from verbal roots and has suggested different derivative meanings of Agni, Indra, Gau, Jātaveda, Vaishvānara etc. Āchārya Sāyana, in his commentary on the Vedas, has interpreted Vedic words in accordance with the requirements of Yajna and therefore, has given ādhibhautika and ādhidaivika meanings. Swami Dayanand Saraswati has emphasised ādhidaivika and ādhyātmika meanings. Pt. Jayadev Sharma has suggested political and administrative interpretations of many hymns. Pt. Shripād Dāmodar Sātavalekar has given simple word-meanings of the Vedic hymns, based on the derivation of words from their verbal roots. Foreign scholars have generally followed Āchārya Sāyana. Scientific interpretations of some hymns have also been presented by some scholars. So we may say that the mantras of the Vedas may be interpreted in different ways.

Of all the three categories of the meanings of the Vedas whichever is adopted for the interpretation and translation one must keep in view the established standpoint of the etymologists like Yāska that all the Vedic words are derived from verbal roots. Thus the words which appear to be proper nouns are not historical names, but are Yaugic words with different meanings

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

based on their derivation from verbal roots. It is why Indian scholars of the Vedas hold that there is no history in the Vedas. Acharya Yāska explained Yaugika meanings and etymological interpretations of proper nouns Devāpi, Shantanu, Vishvāmitra, Vasishtha etc., apparently historical personages, and metres like Gāyatri, Ushnik, Anushtup etc. Ādhibhautika, ādhidaivika and ādhyātmika interpretations of such words may be given and are available in the Nirukta and Brahmanas. Besides, the interpreters and readers of the Vedas must understand that there is great difference between the meanings of Vedic words and words of classical Sanskrit. The following few words will be sufficient to illustrate this point :

	Word	*Meaning in classical Sanskrit*	*Meaning in the Veda*
1.	na	no	no, like
2.	giri	mountain	mountain, cloud
3.	Samudra	ocean	ocean, cloud
4.	gau	cow, earth, organ of sense or perception, ray	cow, cow-skin, milk of cow, earth, organ of sense or perception, ray of sun, bow-string, sun, speech etc.
5.	agni	fire	fire, God, energy
6.	vrata	austerity, fasting	austerity, fasting, action, food.
7.	nabha	sky	sun, sky
8.	svah	heaven	sun, sky, heaven
9.	nāka	heaven	sun, sky, heaven
10.	ahi	snake	snake, cloud
11.	upala	mountain	cloud, mountain
12.	parvata	mountain	cloud, mountain

Shatpatha Brahmana commenting on the mantras 54,55, 56,57, and 58 of the thirteenth chapter of Yajurveda gives etymological interpretations of Vishwamitra, Jamadagni, Bharadwaja, Atri, Angira, Vishvakarmā etc., apparently all proper

Dr. Vivek Arya Vedic Library, Delhi

Digitization by eGangotri Funding by Arya Samaj Foundation, Chennai

nouns, and says: "Vasishtha means Prāna (breath); Bhara-adwaja means mind; Vishvamitra, ears; Jamadagni, eyes; Angira, breath; Vishwakarmā, speech etc. Yāska, explaining the word 'Kanva' says, "Kanva means one who is intellectually brilliant." (Nirukta 3/15). In his 'Introduction to the commentary on the Vedas' Swami Dayanand Saraswati has interpreted the words Gangā, Yamunā and Saraswati as Idā, Pingalā and Sushumnā respectively, the nerves that are perceptible during Yoga-Samadhi and may be seen in the books on Yoga.

